YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-113 | शनिवार, 24 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जातिवादी सोच से ग्रसित कुछ अधिवक्ता प्रतिमा स्थापना का विरोध कर रहे हैं। इस मामले में राज्यपाल को भी हस्तक्षेप करना चाहिए।

मायावती

जासूसी के आरोप गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा ने बासुकीनाथ का भी वीडियो किया था शूट 11


होशियारपुर में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क ध्वस्त, छह गिरफ्तार 12

### प्रधानमंत्री भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' का किया उद्घाटन

# विश्व व्यापार का बड़ा केंद्र बनेगा भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र को पूर्वी भारत का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया है और कहा है कि आने वाले समय में देश के वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र की संभावनायें कई गुना बढ़ने वाली हैं। श्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं से पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर क्षेत्र आर्थिक वृद्धि के नये केंद्र के रूप में उभरा है। श्री मोदी यहां भारत मंडपम में पूर्वोत्तर क्षेत्र पर दो दिन के निवेशक सम्मेलन राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के बीच व्यापार संबंधों के विस्तार के साथ पूर्वात्तर क्षेत्र व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने वाला है। उन्होंने कहा आसियान के साथ व्यापार इस समय वार्षिक सवा सौ अरब डालर का हैए जो आने वाले वर्षों में ये 200 अरब डॉलर को पार कर जाएगा नॉर्थ ईस्ट इस ट्रेड का एक मजबूत सेतु बनेगा आसियान के लिए व्यापार का प्रवेश.द्वार बनेगा और इसके लिए भी हम ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेज़ी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार इसके लिए बुनियादी सुविधायें खड़ी करने में लगी है। भारत.म्यांमार.थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग से म्यांमार होते हुए थाईलैंड तक सीधा संपर्क होगा। इससे भारत से वियतनाम और लाओस जैसे देशों तक पहुंचना आसान हो जाएगा।



**व्यापार**

- सरकार इसके लिए बुनियादी सुविधायें खड़ी करने में लगी है। भारत, म्यांमार, थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग से म्यांमार होते हुए थाईलैंड तक सीधा संपर्क होगा
- उन्होंने कहा कि पिछले 10.11 साल मेंए 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुना है।
- भारत और दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के बीच व्यापार संबंधों के विस्तार के साथ पूर्वात्तर क्षेत्र व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने वाला है।

श्री मोदी ने कहा सरकारए कलादान मल्टीमोडल ट्रांजिट प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने में जुटी है। यह परियोजना कोलकाता पोर्ट को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह से जोड़ेगी और मिज़ोरम होते हुए बाकी का पूर्वोत्तर क्षेत्र इससे जुड़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पश्चिम बंगाल और मिज़ोरम की दूरी बहुत कम हो जाएगी। यह उद्योग और व्यापार के लिए भी बहुत बड़ा वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस समय गुवाहाटीए इम्फाल अगरतला जैसे शहरों को विभिन्न सम्पर्क सुविधाओं वाले लॉजिस्टिक्स केंद्रों के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। मेघालय और मिज़ोरम में थल ● शेष पेज 11 पर

### विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां के भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के विकास का इंजन बताया और कहा कि यह क्षेत्र विकास की आपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा। दो दिवसीय (23-24 मई) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेश सम्मेल का उद्देश्य पूर्वोत्तर को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना, निवेशकों को जोड़ना और नीति निर्माताओं के साथ संवाद को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और खेल जैसे प्रमुख क्षेत्रों को फोकस किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' से संबोधित किया और कहा कि यह क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन, खेल, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए बदलाव केवल आंकड़ें नहीं हैं। जमीनी स्तर पर बदलाव नज़र आ रहा है। उन्होंने 700 से अधिक बार केंद्रीय मंत्रियों की यात्राओं का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बन गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में हुए विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 हजार किमी हाई-वे निर्माण, भूपेन हजारिका ब्रिज और सेला टनल ● शेष पेज 11 पर

# आतंकवाद के वित्तपोषण पर पाकिस्तान के विरुद्ध नया डोजियर सौंपेगा भारत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारत पहलगाम आतंकवादी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद के वित्तपोषण को लेकर बहुपक्षीय संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल एफएटीएफ को नया डोजियर देने की तैयारी में है। सूत्रों ने यहां बताया कि भारत एफएटीएफ से मांग करेगा कि पाकिस्तान को पुनरू ग्रे सूची संदिग्ध देशों की सूची में रख कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पेरिस स्थित यह संस्था धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखती है और इसमें भारत सहित 39 देश शामिल हैं।

- सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार एक डोजियर तैयार कर रही है जिसे एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक में प्रस्तुत किया जा सकता है।

उच्चस्तरीय सूत्रों ने शुक्रवार को यहां कहा पाकिस्तान को फिर से ग्रे सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ के समक्ष मजबूत मामला पेश करेगा। पाकिस्तान अपने क्षेत्र में पनपने वाले आतंकवाद पर कार्रवाई करने में विफल रहा है और वह बहुपक्षीय एजेंसियों से मिलने वाले धन का उपयोग हथियार और गोला.बारूद खरीदने और आतंकवादियों को मदद करने के लिए कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि भारत इस डोजियर में विशेष रूप से उन कानूनी प्रावधानों का संकेत करेगा जिनका अनुपालन करने के पाकिस्तान के वादे पर उसे 2022 में एफएटीएफ की ग्रे सूची से हटाया गया था लेकिन वह उनका पालन नहीं कर रहा है।

सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार एक डोजियर तैयार कर रही है जिसे एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक में प्रस्तुत किया जा सकता है। यह बैठक जून में होने की संभावना है। इसके अलावाए भारत जून में पाकिस्तान को विश्व बैंक से कर्ज की समीक्षा के लिए होने वाली बैठक में भी पड़ोसी देश के खिलाफ आपत्ति उठाएगा। ● शेष पेज 11 पर

## चुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर देगा मोबाइल जमा कराने की सुविधा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदान की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए दो नई पहल की है। आयोग अब मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही अब, मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद उम्मीदवार मतदाताओं के सहयोग के लिए अपने बूथ लगा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने कहा है कि यह निर्णय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयोग कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर नवाचार भी कर रहा है। इसके साथ ही आयोग ने स्पष्ट किया कि केवल स्विच ऑफ मोबाइल फोन ही मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में लाने की अनुमति होगी। मतदाता अपने मोबाइल फोन को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित बॉक्स या ● शेष पेज 11 पर

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 4 इनामी सहित 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत शुक्रवार को 4 इनामी सहित 9 नक्सलियों ने सीआरपीएफ 230वीं वाहिनी कमांडेंट अनिल कुमार सुनील, 231वीं वाहिनी कमांडेंट सुनील भंवर एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्म समर्पित नक्सलियों में 1-1 लाख के इनामी डीके कम्युनिकेशन टीम सदस्य अनिता पोटाम, कमालूर एलओएस सदस्य बिजू राम और तोयनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष बदरू उर्फ गोरगा कड़ती तथा 50 हजार के इनामी पोटेनार आरपीसी सीएनएम सदस्य पायकु पोड़ियाम शामिल है। इसके साथ ही रेवाली आरपीसी केएएमएस ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### दिल्ली में 121 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में 831 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की। इनमें से 121 भारत में अवैध रूप से रहते हुए पाए गए। सभी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इन्हें विदेशी पंजीकरण कार्यालय ( एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी निधिन वल्सन ने बताया कि बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। दौरान नरेला औद्योगिक क्षेत्र समेत कई इलाकों में अभियान चलाकर दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान 121 बांग्लादेशी की पहचान हुई। पुलिस नेसभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें एफआरआरओ के पास भेजा है।

### नीति आयोग की गर्वनिंग काउंसिल की 10वीं बैठक शनिवार को, प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्?ली स्?थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक शामिल होंगे। नति आयोग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि विकसित भारत के लिए सभी राज्यों को ''टीम इंडिया'' के रूप में साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्यअ2047' है, जिसमें राज्यों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारतअ2047 के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाएगी। आयोग के मुताबिक इस बैठक में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देशभर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## इंडिगो की फ्लाइट को पाकिस्तान ने नहीं दी अपने वायु क्षेत्र में घुसने की इजाजत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को खुलासा किया है कि नई दिल्ली से श्रीनगर जा रही 'इंडिगो' की 'ए321 नियो' फ्लाइट को खराब मौसम में फंसने के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र में घुसने की इजाजत नहीं दी थी। इसके चलते विमान में सवार 220 से ज?यादा यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। इस विमान में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 5 सांसद भी सवार थे। हालांकि, राहत की बात रही कि विमान सुरक्षित रूप से श्रीनगर एयरपोर्ट पर लैंड कर गया। डीजीसीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नई दिल?ली से श्रीनगर जा रहे 'इंडिगो' एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों ने बुधवार को खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान हवाई क्षेत्र में प्रवेश का अनुरोध किया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डीजीसीए ने कहा कि विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। हालांकि,



विमान का आगे का हिस्सा ''नोज रेडोम'' क्षतिग्रस्त हो गया है। डीजीसीए ने कहा कि विमान के खराब मौसम की चपेट में आने की घटना की जांच विमानन नियामक कर रहा है।

डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो के चालक दल के बयान के अनुसार उन्होंने मार्ग पर खराब मौसम के कारण वायुसेना के उत्तरी नियंत्रण (आईएएफ) से बाईं ओर (अंतरराष्ट्रीय सीमा) जाने का अनुरोध किया था, हालांकि इसे मंजूरी नहीं दी गई। बाद में चालक दल ने खराब मौसम से बचने के लिए लाहौर से अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संपर्क किया, लेकिन उसे भी अस्वीकार कर दिया गया। विमानन नियामक के अनुसार चालक दल ने शुरू में ● शेष पेज 11 पर

### राहुल गांधी के बयान देश की सुरक्षा के लिए घातक : भाजपा

नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी ने कंग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश की सुरक्षा और सशस्त्र बलों के मनोबल के लिए 'हानिकारक' बताया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राहुल गांधी का यह पूछना कि भारतीय वायुसेना के कितने विमान गिरे, एक 'गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील' व्यवहार है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। भाटिया ने बताया कि वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल भारती पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि 'कॉम्बैट सिचुएशन' के दौरान इस प्रकार के सवालों का उत्तर देना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल के ऐसे वक्तव्य न केवल सुरक्षा एजेंसियों की कार्यवाही को बाधित करते हैं, बल्कि शत्रु देशों के हित में जाते हैं। प्रवक्ता ने कांग्रेस पर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघर्ष काल में कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया खाते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अपमानजनक छवि पोस्ट की गई थी, जिसे बाद में बिना किसी सार्वजनिक क्षमा याचना के हटा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि ● शेष पेज 11 पर

### राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया जानकारी और

# सेना की मारक क्षमता ने बनाया ऑपरेशन सिंदूर को सफल: गृहमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के तीन प्रमुख कारण बताए। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों से मिली सटीक जानकारी और भारतीय सेना की जबरदस्त मारक क्षमता के तालमेल से संभव हुआ। इन तीनों के एकसाथ आने से देश ने दशकों से चल रहे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का निर्णायक उत्तर दिया।

अमित शाह ने आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक बीएसएफ दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शाह ने बीएसएफ के अलंकरण समारोह 2025 और 'रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान' को संबोधित करते हुए अर्धसैनिक बल के साहस और समर्पण को सलाम किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और ● शेष पेज 11 पर



- बीएसएफ और सेना आज विश्व के सामने अद्वितीय वीरता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

### भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए वायुक्षेत्र के उपयोग से जुड़ा प्रतिबंध बढ़ाया

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के विमानों के लिए अपने वायु क्षेत्र के उपयोग से जुड़े प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है। भारत सरकार ने यह निर्णय पाकिस्तान के जवाब में लिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत की ओर से जारी 'नोटम' की जानकारी दी। इसके अनुसार पाकिस्तान पंजीकृत विमानों और पाकिस्तान की वायुसेवा कंपनियों या संचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व या पट्टे पर लिए गए विमानों और सैन्य विमानों पर भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध अब 23 जून तक प्रभावी रहेगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भी भारत के विमानों के लिए अपने ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीहनुमत कथा मंडपम का किया लोकार्पण

# आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं: योगी

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस मौके पर योगी ने सनातन धर्म को भारत के अस्तित्व और वजूद का आधार बताते हुए कहा कि इसके सम्मान और गरिमा के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं और संतों से आह्वान किया कि वे अपने योद्धा भाव को बनाए रखें और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है और कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है।



- पूर्वोत्तर सीमा के बलिदानी अयोध्या के लेफ्टिनेंट शशांक को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि
- त्रेतायुगीन विरासत और सनातन धर्म का रक्षक है हनुमानगढ़ी
- लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानजी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में ● शेष पेज 11 पर

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की डिमांड, आठ वर्ष में 1 लाख 70 हजार करोड़ पहुंचा निर्यात

लखनऊ । योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है।योगी सरकार के प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपये था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनायी है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है। इसी के साथ दुनियाभर में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की डिमांड बढ़ी है। वहीं ● शेष पेज 11 पर

## सेना प्रमुख ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को मानेकशॉ सेंटर में उन वीरता पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सम्मानित किया था। समारोह में आर्मी वाइव्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने भी वीर नारियों और सम्मानित परिवारों से मुलाकात की। सीओएएस ने शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में छह कीर्ति चक्र और सात मरणोपरांत सहित 33 शौर्य चक्र प्रदान किए। इनमें 25 वीरता पुरस्कार भारतीय सेना को मिले हैं, जिनमें 14 शौर्य चक्र, 02 कीर्ति चक्र, 04 शौर्य चक्र (मरणोपरांत), 03 कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) हैं। सेना के इन जवानों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद, विद्रोह-विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी दिखाई थी। इन ● शेष पेज 11 पर

- एडब्ल्यूडब्ल्यूए की सुनीता द्विवेदी ने वीर नारियों और सम्मानित परिवारों से मुलाकात की

# पति ने एक लाख रुपये में कराई थी पत्नी की हत्या, पुलिस ने पति सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मोहनलालगंज क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात, पति ने भांजे को सौंपा था हत्या का ठेका**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पति ने महज एक लाख रुपये में अपनी पत्नी की हत्या करवा दी। पुलिस ने हत्या की साजिश रचने वाले पति मोहम्मद आसिफ समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक नाबालिग आरोपी को संरक्षण में लिया गया है।यह दर्दनाक घटना 20 मई 2025 की रात करीब 11:08 बजे घटी। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के राजाखेड़ा के पास पुलिस को एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को घायल अवस्था में पाया मुस्कान बानो और उसका पति मोहम्मद आसिफ। दोनों ही लखनऊ के सेवई गांव, सुशांत गोल्फ सिटी के निवासी हैं। घायल अवस्था में दोनों को सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मुस्कान को मृत घोषित कर दिया।

### नाना ने जताई हत्या की आशंका

अगले दिन मृतका के नाना अशरफ अली ने थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई। उन्होंने बताया कि उनकी नातिन मुस्कान बानो का विवाह 24 फरवरी 2023 को मोहम्मद आसिफ से हुआ था और शादी के बाद से ही आसिफ का व्यवहार संदिग्ध था।

### पुलिस जांच में खुला बड़ा राज

पुलिस जांच में सामने आया कि आसिफ ने अपनी पत्नी की हत्या की साजिश पहले से रची थी। उसने अपने भांजे मन्ना उर्फ आफताब को पत्नी की हत्या के लिए एक लाख रुपये देने का वादा किया। मन्ना ने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 20 मई को आसिफ मुस्कान को इलाज के बहाने उन्नाव ले गया और रास्ते में राजाखेड़ा के पास रुक गया। अंधेरे का फायदा उठाकर मन्ना और उसके नाबालिग साथी ने चाकू से मुस्कान पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### त्वरित कार्रवाई में खुला राज

घटना की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 13 सदस्यीय पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित जांच और कार्रवाई करते हुए पति मोहम्मद आसिफ और उसके भांजे मन्ना को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग आरोपी को भी संरक्षण में लेकर पूछताछ की जा रही है।डीसीपी निपुण अग्रवाल के अनुसार, यह घटना पूरी तरह से पूर्व नियोजित थी। मोहम्मद आसिफ पत्नी से छुटकारा पाना चाहता था, जिसके चलते उसने अपने ही रिश्तेदार को सुपारी देकर इस हत्या को अंजाम दिलाया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### न्याय की उम्मीद

मुस्कान की हत्या ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी और सभी दोषियों को सख्त सजा दिलाने की कोशिश की जाएगी।

# चक सौगहना स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज, बहराइच । विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ऐमा चक सौगहना स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन चल रहा है। 21 मईसे 10 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति व बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह समर कैम्प नई शिक्षा नीति 2022 के तहत सरकार की एक पहल है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। समर कैम्प का आज तीसरा दिन है। प्रतिदिन योगाभ्यास से इसकी शुरुआत होती है। आज बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने और रंगोली बनाने के बारे में बताया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया इन गतिविधियों का निर्देशन डा फसीउर्रहमान प्रवक्ता उर्दू और डॉ तबरेज अहमद प्रवक्ता जीव विज्ञान द्वारा किया गया।

इससे पूर्व के दिनों में रस्साकशी, खो खो, फुटबाल आदि गतिविधियाँ करायी गईं। सचिन मौर्या और चेतराम ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य विजेन्दर कुमार ने समर कैम्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को इस में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## लखनऊ पश्चिम विधानसभा में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा



लखनऊ। पश्चिम विधानसभा के पश्चिम मंडल दो में एक भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मानस हॉस्पिटल से बालागंज चौराहे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर लखनऊ पश्चिम के उपविजेता विधायक अंजनी कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्याय राहुल राज रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी, मनोज कुमार चौरसिया, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता, शीतल रावत,मंडल एक के मंडल अध्यक्ष सरोज लोधी उदय चौरसिया, प्रतिमा मिश्रा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। यह यात्रा राष्ट्रभक्ति, एकता और गौरव का प्रतीक बनी रही, जिसमें तिरंगे के सम्मान में जनसमूह ने देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया

## एसडीएम को सौपा प्रार्थना पत्र, कार्रवाही न होने पर अधिवक्ता सोमवार बैठेंगे से भूख हड़ताल पर

कोराव, प्रयागराज। अधिवक्ता श्याम कांत त्रिपाठी उर्फ़ बब्बन ने उप जिलाधिकारी कोराव आकांक्षा सिंह को प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि लेखपालों द्वारा वादकारियों और अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और गाली-गलौज किया जा रहा है। इसके अलावा, सरकारी जमीनों पर भी कब्जा कराया जा रहा है।अधिवक्ता श्याम कांत त्रिपाठी ने बताया है कि उन्होंने पहले भी इस संबंध में शिकायत की थी, लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए, वे सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है।अधिवक्ता श्याम कांत त्रिपाठी ने मांग की है कि स्थानीय तहसील में नियुक्त लेखपालों को अन्य तहसील में भेजा जाए, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। अब देखना है की भूख हड़ताल पर बैठने से पहले कार्रवाही करते है या भूख हड़ताल पर ही बैठने को विवश होना पड़ेगा इस मामले मे उपजिलाधिकारी कोराव से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो बताया गया की मीटिंग मे है।

## भ्रामक आख्या प्रस्तुत करने पर चकबंदी लेखपाल और कानूनगो निलंबित

महराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के राम प्रताप पुत्र रमई नि. रमपुरा मजरे बावन बुर्जुग बल्ला तहसील महराजगंज द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस मण्डलायुक्त रोशन जैकब लखनऊ के समक्ष प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र में गाटा संख्या 300, 307, 310, 296, 305, 308 व 318 आदि पर विपक्षी द्वारा कब्जा किये जाने सम्बन्धी शिकायत के निस्तारण में मण्डलायुक्त द्वारा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को राजस्व एवं चकबन्दी विभाग की टीम गठित करके जांच करने एवं कार्यवाही करने सम्बन्धी निर्देश के अनुक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा एवं चकबन्दी अधिकारी हरचन्दपुर की गठित संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 19.5.25 को परिवादी की उपस्थिति में स्थल पर जाँच की गयी। उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने एवं विभिन्न पोर्टलों पर आई जी आर एस जनता दर्शन, तहसील दिवस व थाना दिवस एवं चकबन्दी आयुक्त व शासन द्वारा प्राप्त सन्दर्भों में भ्रामक आख्या प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में दोषी पाये जाने पर नागेन्द्र प्रताप, चकबन्दी लेखपाल और राकेश कुमार चकबंदीकर्ता( कानूनगो) क्षेत्र हरचन्दपुर प्रथम तहसील महराजगंज पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रचलित कर दी गई है।

## उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरेगा मनोज फिलिंग स्टेशन : विधायक

गोरखपुर । जेल बाई पास रोड निकट कौवाबाग पुलिस चौकी मैत्रीपुरम कॉलोनी स्थित देव प्रयाग फीलिंग स्टेशन (हिंदुस्तान पेट्रोलियम) का शुक्रवार को पादरी बाजार से पिपराइच मार्ग जंगल सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने विधिवत पूजाअर्चना करते हुए फीता काट कर उद्घघाटन किया । इस अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि उपभोक्ताओं के विश्वास पर मनोज फिलिंग स्टेशन पूर्णतः खरा उतरेगा । पेट्रोल पम्प के मालिक दिव्याशु पाण्डेय व प्रियांशु पाण्डेय ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया ।भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश कुमार पाण्डेय ने पूर्ण विश्वास दिलाया है कि उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरना ही हमारा उद्देश्य है । उद्घाटन कार्यक्रम में पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह,पार्षद विवेक मिश्रा, पूर्व पार्षद अनिल सिंह,श्रवण पाण्डेय,शिक्षक नेता अनिल कुमार पांडेय,छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,अरुण सिंह,आचार्य अर्जुन शुक्ला, डॉ यूएस त्रिपाठी, पत्रकार कुंदन उपाध्याय, रमेश मणि त्रिपाठी,रामानुज यादव,राम नवल चौहान,राजेन्द्र सिंह,दीपक मणि त्रिपाठी, चिंतामणि पाण्डेय,राजदीपक पाण्डेय,रितेश पाण्डेय ,कौशलेन्द्र पाण्डेय,सौरभ पाण्डेय,निखिल,बच्चू,लच्छू, सहित सैकड़ों सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# एसपी ने शूटिंग प्रतियोगिता में विजयी महिला आरक्षी को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। 25वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2025 के 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्टेट स्तर पर तीसरे रैंक (कांस्य पदक) प्राप्त करने वाली महिला आरक्षी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित ।यू0पी0 स्टेट राइफल एसोसिएशन लखनऊ द्वारा आयोजित 25वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2025 जनपद प्रयागराज में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता (महिला) में महिला आरक्षी चमन खातून द्वारा उ0प्र0 (पुलिस सेवाएं) में स्टेट स्तर पर 3न्द रैंक (कांस्य पदक) प्राप्त किया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक 23.05.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा उक्त महिला आरक्षी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, खेल और कलात्मक गतिविधियों में लिया उत्साहपूर्वक भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विकास खंड मिहींपुरवा के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे समर कैंप में बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित यह समर कैंप न केवल शिक्षण का माध्यम बन रहा है, बल्कि बच्चों को मनोरंजन और रचनात्मकता का भी अवसर प्रदान कर रहा है। समर कैंप के तीसरे दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपिया में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामित्र अब्दुल कलीम और अनुदेशक बलराम वर्मा ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा। बच्चों ने गणितीय पहाड़े सुनाए, मनमोहक गीत प्रस्तुत किए और रंग-बिरंगी कलाकृतियाँ तैयार कीं। साथ ही बच्चों के बीच पारंपरिक खेल खो-खो की प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को मीठे बिस्कुट वितरित किए गए, जिससे बच्चों के




चेहरों पर खुशी झलक उठी। विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग का केंद्र बन गया। समर कैंप के आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास देखा जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सिंह ने कहा कि ङ्कसमर कैंप का उद्देश्य बच्चों को सीखने के साथ-साथ आनंद और सृजनात्मकता का अनुभव देना है। आने वाले दिनों में और भी गतिविधियाँ कराई जाएँगी।ङ्क वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरी घटही में अनुदेशक लैलतुन बेगम व शिक्षामित्र पीयूष जायसवाल मौजूद मिले, विद्यालय परिसर में बच्चों ने खूब मस्ती किया यहां पर बच्चों को मीठा बिस्कुट बांटा गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मिहींपुरवा में अनुदेशक संगीता व फ़िरदौस जहां ने बच्चों को गतिविधि कराई, यहां बच्चों ने रंगोली बनाई तत्पश्चात गुड़ चना और मीठा बिस्कुट बांटा गया। वहीं संविलियन विद्यालय कुर्मियाना में अनुदेशक अरविंद कुमार पटेल व शिक्षामित्र अवध राम गुप्ता मौजूद मिले यहां पर बच्चों को योगा कराया गया साथ ही फुटबॉल खेलाया और खाने के लिए सूखा नमकीन चना बांटा गया। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह ने कहा समर कैंप 21 मई से शुरू हुआ है जो 15 जून तक चलेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंकापत्नी के प्रेम-प्रसंग को लेकर दम्पति में अक्सर होता था विवाद**

**मृतक की मां ने बहू और उसके घर वालों के विरुद्ध मारपीट और प्रताड़ना की दी तहरीर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। पत्नी के प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे के सहारे फंदे पर पति मो. वसीम 25 वर्ष का शव उसके किराये के मकान में लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। बहूं के प्रेम प्रसंग को लेकर मृत्तक की मां सायरा बानो ने बहू शबाना और उसकेघर वालों पर बेटे के साथ मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की। फिलहाल, पुलिस मौके पर मौजूद परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्तक की मां सायरा बानो ने बताया कि लगभग छह साल पहले बेटे वसीम का निकाह शबाना के साथ हुआ था। जिनके दो छोटे छोटे बच्चे भी है। आरोप है कि बहू शबाना का एक रिश्तेदार के साथ प्रेम-प्रसंग था, रिश्तेदार अक्सर बहाने से बहू से मिलने के लिए आता था। जब वसीम को पत्नी के प्रेम-प्रसंग की जानकारी हुई तब उसने रिश्तेदार को घर आने से मना कर दिया। इसके लेकर दम्पति के बीच आए दिन झगड़ा होता था। मां ने बताया कि गुरुवार को शाम करीब छह बजे बेटे का झगड़ा बहू से हो गया। इस पर बहू ने भाई इमरान, शराफत, लल्लू और बहन उबैदा को घर बुलाया और मेरे बेटे वसीम को जमकर पिटवा दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत की थी। इस दौरान शबाना अपने परिजनों को साथ बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे पड़ोसी किराएदार ने वसीम को फंदे से लटकता देख मां सायरा बानो को सूचना दी। इस पर मां ने बहू और उसके घर वालों पर संगीन आरोप लगाए हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक की मां ने बहू और उसके प्रेम के कुछ फोटोग्राफ उपलब्ध कराए हैं। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

# नगर निगम की अवैध डेरियों पर कार्रवाई में 21 पशु जब्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए शुक्रवार को जोन-6 के दुबग्गा थाना क्षेत्र में अवैध डेरियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान में दुबग्गा रिंग रोड, कानपुर बाईपास रोड और बुड्ढेश्वर रोड पर स्थित अवैध डेरियों से 16 भैंस, 3 गाय, 1 पड़िया और 1 पड़वा जब्त किए गए। इन पशुओं को आलमबाग के कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है, जहां से इन्हें जुर्माना जमा करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। यह कार्रवाई आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर की गई, जिसमें अवैध डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने और नालियों में बहाने की बात सामने आई थी। इससे क्षेत्र में गंदगी, जलभराव और मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ गया था। शहरी सीमा में केवल वैध लाइसेंस के साथ अधिकतम 2 गाय पालने की अनुमति है।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव-एक दिन समय की आवश्यकता: पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। कार्यालय जिलाधिकारी, देहरादून के तत्वाधान में देश में एक साथ चुनाव सम्पन्न कराये जाने के संबंध में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 एवं राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 पर विचार-विमर्श हेतु गठित संयुक्त समिति द्वारा 22 मई, 2025 को ताज मसूरी फुटहिल देहरादून में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी. पी. चैधरी की गरिमामयी उपस्थिति में भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड के स्थानीय प्रख्यात हस्तियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य सांसद छोटेलाल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक दिन किसी विशेष दल के लिए नहीं बल्कि यह एक राष्ट्र हित के लिए बदलाव है। इस कार्यक्रम के दौरान सभी स्थानीय हस्तियों ने संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों के साथ अपने-अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।

इस कार्यक्रम में देहरादून के वरिष्ठ आर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन पद्म श्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पहल का जोरदार समर्थन करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी प्रस्ताव बताया, जो भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की दक्षता और स्थिरता को बढ़ा सकता है। उन्होंने केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तरों पर एक साथ चुनाव कराने के संभावित लाभों को रेखांकित किया जिनमें मानव संसाधन, वित्तीय व्यय और प्रशासनिक प्रयासों की महत्वपूर्ण बचत शामिल है। साथ ही, डॉ. संजय ने भारत की संघीय विविधता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया और चेताया कि क्षेत्रीय मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श में दब न जाएं। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की भागीदारी रोकने के लिए व्यापक चुनाव सुधारों की भी वकालत की। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र या राज्य में सरकार के कार्यकाल के बीच गिरने की स्थिति में स्पष्ट और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं निर्धारित करने की सिफारिश की। डॉ. संजय ने सभी नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, दिव्यांगों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुरक्षित ऑनलाइन वोटिंग प्रणाली अपनाने एवं अनिवार्य मतदान की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्य सचिव एन. रवि शंकर, पद्म श्री कल्याण सिंह रावत, पद्म श्री प्रीतम सिंह भर्तवाण, पद्म श्री कन्हैया लाल पोखरियाल, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से हत्या के मुकदमे में 1 आरोपी को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपदीय पुलिस के ''ऑपरेशन कनविक्शन'' अभियान के तहत गुणवत्तापूर्ण विवेचना, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप मेहनाजपुर थाना क्षेत्र में 2012 के एक हत्या के मामले में अभियुक्त मनोज पुत्र परशुराम को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना 15 जून 2012 की है, जब वादी दिनेश कुमार पुत्र श्यामलाल, निवासी बिनैली, थाना मेहनाजपुर, ने तहरीर दी थी कि उनके चचेरे भाई पर मुन्नाराम, सोनूराम, लालचंद राम, महेंद्र सिंह, हरिश्चंद, जाकिर, विजय, अश्वनी उर्फ गुड्डू, पंकज और मनोज, सभी निवासी रोवापार, थाना मेहनाजपुर, ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान वादी के चचेरे भाई की मृत्यु हो गई।इसके आधार पर थाना मेहनाजपुर में मुकदमा संख्या 145/2012, धारा 147, 148, 149, 307, 302, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के बाद अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

मुकदमे में चार गवाहों की गवाही हुई। शुक्रवार 23 मई को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नंबर 06 ने फैसला सुनाते हुए अभियुक्त मनोज को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास के साथ 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया। शेष नौ अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने ''ऑपरेशन कनविक्शन'' की सफलता पर जोर देते हुए कहा कि यह अभियान अपराधियों को सजा दिलाने और न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : महापौर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। नगर निगम ने शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई, जिसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करना था। महापौर ने कूड़ा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन और वार्ड स्तर पर सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जोनल सेनेटरी अधिकारियों के पुराने निर्देशों की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए उनके दो दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। साथ ही, अटेंडेंस और रिकॉर्ड रजिस्टर तुरंत जमा करने को कहा गया। लायन एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को भी चेतावनी दी गई कि वे अनुबंध के अनुसार वाहनों की संख्या बढ़ाएं और कूड़ा संग्रह में सुधार करें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। महापौर ने सफाई कर्मियों को समय पर ड्रेस देने, ट्रांसफर स्टेशन बनाने और बारिश से पहले नालों की सफाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं ताकि जलभराव की समस्या न हो। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को फील्ड में रहकर सफाई की निगरानी करने और शिकायतों का तुरंत समाधान करने को कहा। उन्होंने वार रूम में आने वाली सभी शिकायतों को पूरी तरह हल करने पर जोर दिया।इस बैठक में महापौर और नगर आयुक्त ने लखनऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# लखनऊ का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान बनेगा हाईटेक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर नये रंग-रूप में नजर आएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने प्रतिष्ठान के तीन प्रमुख ऑडिटोरियम, ज्यूपिटर, मार्स और मर्करी, को हाईटेक बनाने के लिए 15 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेडेशन कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है। इस प्रोजेक्ट के तहत ऑडिटोरियम में अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम, इंटीरियर, स्टेज लाइटिंग और कर्टेन जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शुरू होने वाले इस कार्य को छह माह में तीन चरणों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में 1500 लोगों की क्षमता वाले ज्यूपिटर ऑडिटोरियम का कायाकल्प होगा, इसके बाद मार्स (600 लोगों की क्षमता) और फिर मर्करी (400 लोगों की क्षमता) ऑडिटोरियम का अपग्रेडेशन किया जाएगा। प्रथमेश कुमार ने बताया कि ऑडिटोरियम की व्यस्त बुकिंग को ध्यान में रखते हुए कार्य चरणबद्ध तरीके से होगा, ताकि आयोजनों पर कोई प्रभाव न पड़े। वर्ष 2008 में विभूति खण्ड में बनकर तैयार हुआ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान 2010 से सामुदायिक उपयोग के लिए खोला गया था। तब से यह शहर का सबसे लोकप्रिय कन्वेंशन सेंटर बना हुआ है, जहां शासकीय समारोह, शैक्षणिक व साहित्यिक सम्मेलन, सेमिनार, वर्कशॉप, सांस्कृतिक आयोजन, प्रदर्शनियां और मांगलिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते हैं। हालांकि, अब तक केवल रंगाई-पुताई, लाइटिंग और हॉर्टीकल्चर जैसे रखरखाव कार्य ही कराए गए थे। 15 साल बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रतिष्ठान का अपग्रेडेशन किया जा रहा है। परिसर में एयरपोर्ट और इंटरनेशनल बस टर्मिनल की तर्ज पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया जाएगा, जिससे ऑडिटोरियम के बाहर गैलरी और पवेलियन में मौजूद लोग भी एक साथ सम्बोधित किए जा सकेंगे। इसके अलावा, ऑडिटोरियम में इंटीरियर डिजाइन, इलेक्ट्रिकल सिस्टम और स्टेज लाइटिंग को भी अपग्रेड किया जाएगा, जिससे आयोजनों की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चार ऑडिटोरियम–प्लूटो, मर्करी, मार्स और ज्यूपिटर–के साथ-साथ अर्थ ब्लॉक में छोटे हॉल, राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी और वीवीआईपी लाउंज उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, 300 से 1500 लोगों की क्षमता वाले चार मैरिज लॉन/बैन्क्वेट हॉल और प्रदर्शनियों के लिए लाइब्रेरी पवेलियन भी मौजूद हैं। परिसर में वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी है। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि इस अपग्रेडेशन से न केवल प्रतिष्ठान की सुंदरता और सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि यह शहरवासियों के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से उपयोगी साबित होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# साफ–सफाई की नई दिशा: महापौर और नगर आयुक्त की महत्वपूर्ण बैठक

**स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए महापौर और नगर आयुक्त की सख्त बैठक**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ - स्मार्ट सिटी सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने की। इस बैठक में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार सहित समस्त अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी और सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करना और उसमें सुधार हेतु प्रभावी कदम उठाना था।

शहर की सफाई व्यवस्था पर गंभीर चर्चा।

बैठक में महापौर और नगर आयुक्त ने साफ-सफाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कूड़ा प्रबंधन, डोर टू डोर कलेक्शन, और वार्ड स्तर पर सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई। महापौर महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि साफ-सफाई व्यवस्था में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**ZSO पर कार्रवाई के निर्देश**

महापौर ने बैठक में सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड वाइज सभी कर्मचारियों का अटेंडेंस और रिकॉर्ड रजिस्टर की मांग की। उन्होंने छह महीने पहले दिए गए निर्देशों की अनदेखी पर नाराजगी जताई और नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी जोनल सेनेटरी अधिकारियों (ZSO) का दो दिन का वेतन काटा जाए। इसके साथ ही शुक्रवार शाम तक अटेंडेंस और रिकॉर्ड रजिस्टर प्रस्तुत करने का अंतिम निर्देश भी दिया गया।

**लायन कंपनी को चेतावनी और निर्देश**

लायन एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर महोदया ने कंपनी को अनुबंध के अनुसार वाहनों की संख्या पूरी करने और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। कंपनी की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सफाई कार्य की सघन निगरानी का आदेश।

महापौर ने निर्देश दिए कि ZSO तथा सफाई एवं खाद निरीक्षक (SFI) सफाई व्यवस्था की निगरानी करेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अन्य अहम निर्देश भी जारी।

महापौर ने लायन कंपनी को आदेशित किया कि वे ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण शीघ्र करें, सफाई कर्मियों को समय पर ड्रेस उपलब्ध कराएं और वर्षा ऋतु को देखते हुए नालों की सफाई तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि बारिश से पहले शहर में जलभराव जैसी समस्याओं को रोकने के लिए ये आवश्यक कदम हैं।

**नगर आयुक्त का मैदानी कार्य पर जोर**

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को सुबह से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुँचने तक फील्ड में रहकर कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए वार रूम में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों की सत प्रतिशत समीक्षा और निस्तारण किया जाना चाहिए। इस बैठक के माध्यम से महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करने और आम जनता को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# निगोहां में आपरेशन सिंदूर के तहत मनाया गया जश्न, सेना के सौर्य का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




**मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई**

निगोहां, लखनऊ। निगोहां कस्बा में भारतीय सेना के शौर्य की सराहना करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया है और जय जवान का नारा लगाया गया। इसके साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली। निगोहां भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुदौली मोड़ से पुरे कस्बे में तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को सलाम किया। इसके पहले पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में बलिदानियों का स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गई। पहली बार सिंधु जल समझौता तोड़ा गया। भारतीय वायु सेना के कार्रवाई से पाकिस्तान के लगभग प्रत्येक शहर के आतंकी ठिकानों और उनके एयर बेस को ध्वस्त किया गया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाईलों ने पाकिस्तान को खैरात मिले, अमेरिका चीन,तुर्की अन्य देश के हथियारों निष्प्रभावी और नष्ट कर दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, वीर बलिदानी अमर रहें के जयकारों के साथ सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत , जिला महामंत्री रामलाल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहनलालगंज सुधांशु सिंह, भाजपा यूवा नेता नवीन मिश्रा , राजाराम वर्मा, राजेन्द्र मौर्य, दिनेश सैनी, संदीप सिंह , भंवरेश्वर चौरसिया, वी एन तिवारी, रामसनेही, मंडल उपाध्यक्ष विजय शर्मा, युवा नेता जतिन सिंह, रूपेश भदौरिया, अभयसिंह, विशाल तिवारी, आईपी सिंह, प्रधान प्रतिनिधि गुड्डन सोनी, सज्जन सिंह, मनोज वर्मा, दिनेश कुशवाहा , अमित सिंह जशवंत, अंकुश, बद्री विशाल समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सामिल हुए।

## बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय और विरोहन प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास की अध्यक्षता में स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के रूप में एक नया स्कूल खोलने के लिए बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय और इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में विरोहन प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर और चीफ प्रॉक्टर, आईक्यूएसी निदेशक, डीन एकेडमिक्स, डिप्टी रजिस्ट्रार और अन्य डीन मौजूद रहे।

## गुडम्बा पुलिस ने धरे दो शातिर वाहन चोर

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। को वादी मुकदमा मोहम्मद आरिफ की चोरी की गई बाईक की जांच मे जुटी गुडम्बा पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को अपनी गिरफ्त मे लेने का दावा किया है पुलिस के मुताबिक अभियुक्ता आदर्श गौतम पुत्र मनोज कुमार और अभियुक्त मोहित विश्वकर्मा पुत्र राजेश विश्वकर्मा को उक्त मुकदमे के संबंध मे गिरफ्तार किया है इससे पहले भी चार अभियुक्तों को पुलिस द्वारा वाहन चोरी के संबंध मे गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा जा चुका है बताया जा रहा है कि अभियुक्तों द्वारा निजी शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था और फ़र्ज़ी नेम प्लेट व गलत कागज़ात बनाकर उसे बेचा जाता था।

## खाटू श्याम मंदिर में पहुंची श्याम भक्तों की भीड़

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में अपार एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम भक्त बाबा के दर्शन करने पहुंचे। श्री श्याम परिवार महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि पंद्रह हजार से अधिक भक्तों ने श्री श्याम बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे, वही पूरे ज्येष्ठ माह चलने वाले श्री श्याम कृपा भंडारा संयोजक संजय अग्रवाल ऑडियंट द्वारा पंद्रह कुंटल देशी घी का हलुआ एवं आम पना का विरतण सभी भक्तों में किया गया। भंडारा प्रसाद प्रतिदिन सायं 5 बजे से 10 तक चलता हैं हर दिन विशेष प्रसाद का भोग वितरित किया जाता हैं।

# सलीम जैदी ने दी नय्यर मजीदी को सांत्वना, साझा किया फिल्मी सफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। मशहूर टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं में टिल्लू का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता सलीम जैदी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। मूल रूप से रामपुर के रहने वाले सलीम अपनी हास्य भरी डायलॉग डिलीवरी, खासकर ''गुर्दे छील दूंगा, सेठ मेरी तनख्वाह मुझे दे दो'' से घर-घर में मशहूर हैं। इस बार उनका लखनऊ आना एक गमगीन मौके पर हुआ, जहां उन्होंने मशहूर शायर नय्यर मजीदी के शाहगंज स्थित घर जाकर उनकी पत्नी के निधन पर ताजियत (सांत्वना) दी। इस दुखद माहौल के बीच कैनविज टाइम्स के संवाददाता से सलीम जैदी से खास मुलाकात हुई। इस मुलाकात में सलीम ज़ैदी ने अपने फिल्मी और थिएटर के सफर को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और विभिन्न फिल्मों में काम किया। सलीम ने थिएटर में अपने शुरुआती दिनों से लेकर भाभी जी घर पर हैं में टिल्लू के किरदार तक की यात्रा के बारे में खुलकर बात की। सलीम ने बताया कि थिएटर ने उन्हें अभिनय की बारीकियां सिखाईं, जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में छोटे-बड़े किरदार निभाए। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें भाभी जी घर पर हैं में टिल्लू का किरदार दिलाया, जिसने उन्हें रातोंरात मशहूर कर दिया। इस किरदार की लोकप्रियता का जिक्र करते हुए सलीम ने कहा ''यह किरदार मेरे लिए एक तोहफा है, जिसने मुझे दर्शकों का इतना प्यार और पहचान दी। इस संक्षिप्त मुलाकात में सलीम ने अपने संघर्ष, प्रेरणा और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वह हमेशा से हास्य किरदारों के जरिए दर्शकों को हंसाना चाहते थे और टिल्लू का किरदार उनकी इस ख्वाहिश को पूरा करता है। वह बताते हैं कि 2013 में उन्होंने मुंबई में कदम रखा उससे पहले दिल्ली में थिएटर किया है एक स्ट्रगल वाली जिंदगी रही लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि मुंबई जाकर जो लोग धक्के खाते हैं तो मुझे उतने धक्के नहीं खाने पड़े क्योंकि 2013 में एक फ़िल्म आयी ''भाग मिल्खा भाग'' फिर 2014 में अमिताब बच्चन के साथ ऐड फिर रणधीर कपूर के साथ आमिर खान के साथ काम का सिलसिला चलता रहा फिर कई फ़िल्में और मिल गई ''चलो ड्राइवर'' ''ओ तेरी'' ''जग्गू की लालटेन'' ''दिल तो आवारा'' ''विक्की डोनर'' ''दा यूपी फ़ाइल'' जैसी फिल्मे और फिर 2015 में मिल गया ''भाभी जी घर पर हैं'' जिसके जरिए हर घर में एक पहचान मिल गयी। वह कहते हैं एक मां-बाप नाम देते हैं और एक इंडस्ट्री नाम देती है, मां-बाप तो हर किसी को नाम देते हैं लेकिन इंडस्ट्री जल्दी किसी को नाम नहीं देती है उसके लिए बड़े पापड़ बेलने पड़ते हैं शुक्र है ऊपर वाले का की मां-बाप में सलीम नाम दिया तो इंडस्ट्री में टिल्लू नाम दिया यह मेरी खुशनसीबी है। वह कहते हैं की एक कलाकार के लिए वह समय बहुत मुश्किल होता है जब उसे कोई हास्य सीन देना होता है और उसके दिल और दिमाग पर कोई गम होता है कोई हादसा उसके दिल को दुःखा रहा होता है, मेरी जिंदगी में भी कई मौका ऐसे आए जब मैं पूरी तरह से ग़म में डूबा हुआ था और मुझे कॉमेडी सीन देना पड़ा। हम जो थिएटर करते थे उसमे यह दिखाया जाता है की रील और रियल लाइफ में फर्क होता है। वह कहते हैं कि कलाकार का कोई रूप नहीं होता उसके कई रूप होते हैं और उसे हर रूप को बखूबी निभाना पड़ता। ओटीटी चैनलों पर वेब सीरीज़ में परोसी जाने वाली अश्लीलता पर वह कहते हैं कि अगर इस तरह के अश्लील वेब सीरीज लोग देखना बंद कर दें तो ऐसी अश्लील वेब सीरीज बनना भी बंद हो जाएगी इसके लिए आम जनता को जागरूक होना पड़ेगा और इसका बायकाट करना होगा क्योंकि ऐसी वेब सीरीज बनाने वाले को दिख रहा है कि ऐसी वेब सीरीज बनाने से थिएटर भर जाते हैं और मेरी खूब कमाई होती है जाहिर सी बात है वह पैसा कमाने निकले हैं। उन्होंने लखनऊ के प्रति अपनी आत्मीयता जताई और कहा कि यह शहर उनके दिल के बहुत करीब है। सलीम जैदी की यह मुलाकात न केवल उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक रही बल्कि यह भी दर्शाती है कि वह अपनी जड़ों और रिश्तों को कितना महत्व देते हैं।



## सड़क दुर्घटना के 48 घंटे बाद शव के गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के हरदोईया गांव के निवासियों की दो दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में रामबाबू की पत्नी ललिता देवी एवं उनके दो बेटे राहुल और नितिन की खाटू श्याम दर्शन यात्रा के दौरान राजस्थान में भीषण सड़क हादसे में दुर्भाग्य पूर्ण मौत हो गई थी लगभग 48 घंटे बाद एक घर के तीन शव एक साथ गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया आस पास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई । गमगीन माहौल में सभी शवों का अंतिम संस्कार किया गया समाज सेवी अर्चना रावत जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी में सुबह सात बजे उनके अन्तिम संस्कार में शामिल होकर शोकाकुल परिवार से मिलकर दु:ख की घड़ी में ढांढस बंधाया ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे इसके लिए प्रार्थना की एवं हर संभव मदद देने की बात कही।

# निगोहां में 12 वर्षीय किशोरी का संदिग्ध परिस्थितियों साड़ी के फंदे से लटका मिला शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र के निगोहां गांव से शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक 12 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक किशोरी का शव घर के अंदर एक बंद कमरे में साड़ी के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।मृतक किशोरी की पहचान अंजली (12) के रूप में हुई है, जिसे बचपन में ही उसके मौसा गिरधारी और मौसी ने गोद लिया था। अंजली कक्षा 6 की छात्रा थी और उसी घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। घटना के समय उसके मौसा गिरधारी गांव में ही मजदूरी का कार्य करने गए हुए थे।गिरधारी ने बताया कि वह सुबह काम पर गया था, लेकिन जैसे ही उसे अंजली की मौत की सूचना मिली, वह बदहवास हालत में घर की ओर दौड़ा। घर पहुंचते ही उसने बेटी के शव को फंदे से लटका देखा और फूट-फूटकर रोने लगा। इस हृदय विदारक दृश्य से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

फिलहाल अंजली की मौत के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की सटीक जानकारी मिल सकेगी। वहीं, गांव में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या मान रहे हैं, तो कुछ लोग मामले में गहराई से जांच की मांग कर रहे हैं।पुलिस के मुताबिक, सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। किशोरी की मौत आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई और वजह है, यह पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।इस दुखद घटना ने एक बार फिर से बच्चों की मानसिक स्थिति और घरों में देखरेख की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह द्वारा आयोजित किया गया संगठन सृजन कार्यक्रम**

# राहुल गांधी के नेतृत्व में विचारधारा की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस : शरद मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले कोआर्डीनेटर शरद मिश्रा ने कहा कि कुछ दल अपने स्वार्थ के लिए समाज में नफरत पैदा देश को तोड़ने का काम कर रहे है। जबकि कांग्रेस सर्व समाज को साथ लेकर चलने के लिए कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में विचाराधरा की लड़ाई लड़ रही है। श्री मिश्रा शुक्रवार को मोहान रोड स्थित सावित्री लॉन में जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि राजधानी का संगठन सबसे अधिक मजबूत होना चाहिए। राष्ट्रीय नेतृत्व में ने राजधानी लखनऊ को रूद्रदमन सिंह बबलू के रूप सबसे मजबूत जिलाध्यक्ष दिया है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि श्री बबलू के साथ कंधे से कंधा मिला कर संगठन को मजबूत करें। इस मौके पर कोआर्डीनेटर प्रमोद सिंह ने कहा कि हमें किसी दल से कुछ सीखने की जरूरत नही है। कांग्रेस ने आजादी से पहले भी देश को बनाने का काम किया है और आज देश को जोड़ने का काम कर रही है। जबकि भाजपा आजादी से पहले देश को तोड़ने का काम किया था और आज भी जाति-धर्म के नाम पर लोगो को लड़ा कर देश तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कार्यकताओं से सौ दिन में कंाग्रेस को चार घंटे रोज देने को कहा है। अगर कार्यकर्ता ऐसा करते है तो कंाग्रेस जन-जन तक पहुंचकर सत्ता हालिस करेगी। इससे पहले पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि संगठन में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को स्थान देने की बात कही। जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन खड़ा करने में सहयोग करने की अपील किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी व विजय बहादुर, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, मीडिया सेल के चेयरमैन अशोक सिंह कार्यक्रम सृजन कंट्रोलरूम के प्रभारी एसके गौतम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन सिया राम वर्मा, मुन्नालाल भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महीप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव की गोद में खिलती 'शिक्षा की बगिया शिक्षिका मीना दुबे बनीं प्रेरणा की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । सीतापुर जनपद के सिधौली विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगापुर में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती मीना दुबे आज एक ऐसे शिक्षण मॉडल की प्रतिमूर्ति बन चुकी हैं, जहाँ शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, व्यवहारिकता और संस्कारों का समग्र समावेश है।

ग्रामीण परिवेश में स्थित इस विद्यालय में शिक्षिका मीना दुबे जिस लगन, सृजनात्मकता और करुणा के साथ बच्चों को शिक्षित कर रही हैं, वह प्रशंसनीय ही नहीं, अनुकरणीय भी है। वे बच्चों को न केवल पाठ्यक्रम की जानकारी देती हैं, बल्कि उनकी गतिविधियों में खेल, योग, नैतिक शिक्षा, पर्यावरणीय चेतना और पारिवारिक संस्कारों का ऐसा समावेश करती हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## अनूठी शिक्षण शैली, खेल में शिक्षा, प्रेम में अनुशासन

श्रीमती मीना दुबे की शिक्षण पद्धति में एक खास बात यह है कि वे पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि आनंद का माध्यम बनाती हैं। बच्चे उनके साथ कहानी, कविता, चित्रकला, समूह चर्चा और नाट्य रूपांतरण जैसी सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हैं। उनका मानना है कि ल्लबच्चों को पाठ रटवाने से बेहतर है कि उन्हें अनुभवों से जोड़कर सिखाया जाए। एक ग्रामीण स्कूल में कार्यरत होते हुए भी श्रीमती दुबे की सोच और दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील है। वे विद्यालय को केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की प्रयोगशाला मानती हैं। विद्यालय में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, बाल सभा जैसी गतिविधियां उनके प्रयासों से नियमित रूप से संचालित होती हैं। इन प्रयासों से बच्चों में जिम्मेदारी, नेतृत्व और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित हो रही है। श्रीमती मीना दुबे को स्थानीय समुदाय, अभिभावकों और शिक्षा अधिकारियों से भरपूर सराहना मिली है। उनके कार्यों को ब्लॉक स्तर की बैठकों और शिक्षक प्रशिक्षणों में ''बेस्ट प्रैक्टिसेज़'' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वे न केवल एक आदर्श शिक्षिका हैं, बल्कि एक प्रेरक नेतृत्वकर्ता भी हैं।

ऐसे समय में जब शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता और नवाचार की आवश्यकता बार-बार रेखांकित की जा रही है, श्रीमती मीना दुबे जैसी शिक्षिका समाज के लिए उम्मीद की किरण हैं। वे सिद्ध कर रही हैं कि अगर नीयत सच्ची हो और दृष्टि व्यापक, तो एक शिक्षक अकेले भी बदलाव की शुरुआत कर सकता है। श्रीमती मीना दुबे वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में एक जीवंत प्रेरणा हैं, जिनसे आने वाली पीढ़ियाँ न केवल ज्ञान, बल्कि संस्कार और जागरूकता भी पाएंगी।

# जिलाधिकारी सीतापुर के सख्त निर्देश,जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनहित को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारियों को स्पष्ट, कठोर एवं कार्रवाई योग्य निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अब किसी भी स्तर पर कागजी निस्तारण, खानापूरी अथवा शिकायतकर्ता से संवादहीन समाधान को प्रशासनिक उदासीनता मानते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण स्थल पर जाकर किया जाए और निस्तारण आख्या के साथ जी0पी0एस0 युक्त फोटोग्राफ, शिकायतकर्ता की मौखिक अथवा लिखित प्रतिपुष्टि तथा स्थानीय आमजनों की उपस्थिति के प्रमाण स्वरूप तस्वीरें अनिवार्य रूप से संलग्न की जाएं। यदि किसी भी शिकायतकर्ता द्वारा असंतोषजनक फीडबैक दर्ज किया जाता है तो वह निस्तारण स्वतः अमान्य माना जाएगा और ऐसे प्रकरणों की पुनः समीक्षा हेतु विशेष जांच समिति गठित की जाएगी, जो उत्तरदायी अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की संस्तुति प्रस्तुत करेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि खेत, भूमि विवाद, सार्वजनिक मार्ग, नाली एवं अतिक्रमण जैसे संवेदनशील प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ निस्तारण हो और मौके पर जाकर की गई कार्यवाही के सभी दृश्य साक्ष्य दस्तावेजित किए जाएं, जिससे न केवल शिकायतकर्ता को संतोष मिले, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी सुनिश्चित हो।उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतें सिर्फ तकनीकी औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि यह आमजन के विश्वास का मंच है।

यदि किसी भी अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से संवाद न किया गया, प्रतिपुष्टि प्राप्त नहीं की गई, या निस्तारण में लापरवाही बरती गई, तो वह लापरवाही अब दंडनीय श्रेणी में मानी जाएगी और ऐसे अधिकारियों को पद से हटाए जाने की कार्यवाही तक की जा सकती है।

# जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न निर्माणाधीन शौचालयों का तत्काल समयावधि में कराया जाए पूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां-जहां शौचालय निर्माणाधीन हैं, उन्हें तत्काल समयावधि में पूर्ण कराया जाये। निर्माणाधीन शौचालय समय से पूर्ण न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर देते हुये कहा कि सभी जगहों पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जाये, जिससे आमजनमानस को कोई भी परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने ए0डी0ओ0 पंचायत को निर्देशित किया कि लोगों के जन्म प्रमाण-पत्र का अभिलेख दर्ज रखा जाये, इस कार्य में रूचि न लेने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिये ग्रामीणो, स्कूलों एवं स्वयं सहायता संगठनों को जोड़ा जाये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी डा0 निरीश चन्द्र साहू, ए0डी0ओ0 पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों द्वारा नैमिषारण्य में की गई घाट आरती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में चल रहे पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर कि त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत घाट आरती का आयोजन धर्म नगरी नैमिष के ऐतिहासिक घाट पर पर किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा घाट आरती की गई उन्होंने बताया कि सनातन हमारा सम्मान है और रानी अहिल्याबाई होल्कर हमारे सनातन की गौरव है आज घाट आरती करते हुए हम सब उनको याद कर रहे हैं 21 में से 31 मई तक हम उनकी स्मृति में 300वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं और भारत की बालिकाओं एवं मातृशक्ति को माता अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेकर सनातन और भारत की संस्कृति को विश्व गौरव दिलाना है। उन्होंने नैमिष पावन नगरी से हम सब माता अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हैं और उनके द्वारा बताए गए मार्ग को आत्मसात कर राष्ट्र एवं सनातन की सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करते हैं। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही वह पार्टी है जो महापुरुषों के सच्चे सम्मान और गौरव को विश्व के समक्ष रखने का कार्य कर रही है हमारे नेता नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महापुरुषों का सच्चा सम्मान करते हैं और उस सम्मान से भारत की माटी को सांस्कृतिक महक देने का प्रयास करते हैं इस अवसर पर मिश्रिख विधायक रामकृष्णभार्गव रोहित सिंह अजयभार्गव सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# समर कैंप के तीसरे दिन पूर्व छात्राओं ने भी किया प्रतिभाग, बच्चों ने किया मिट्टी कला का प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद, (सीतापुर)। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बावजूद सरकार के निर्देश पर इन दिनों परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन कर नौनिहालों को निपुण कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन कैंपों का संचालन शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी के तहत बिसवां विकास खण्ड के जहांगीराबाद कम्पोजिट विद्यालय में शुक्रवार कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने समर कैंप में योगाभ्यास के साथ साथ रंगोली व मिट्टी कला का प्रदर्शन कर अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को दिखाया। मिट्टी कला में बच्चों ने मिट्टी से अपनी पसंद के फलों व सब्जियों आदि को बनाया था।

पूर्व में पास हो चुकी छात्राओं महक, गुंजन और रीमा ने भी विद्यालय आकर समर कैंप में प्रतिभाग किया और विद्यालय में बच्चों से अपने विद्यालय से जुड़े अनुभवों को साझा करने के साथ अन्य क्रियाकलापों में सहयोग किया। अंत में बच्चों को जलपान का वितरण कर आज के समर कैंप का समापन किया गया। इस समर कैंप में बच्चों के सीखने के साथ ही अध्यापकों को भी बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को जानने का अवसर मिल रहा है जो आगे चलकर उनके भविष्य को सुधारने, संवारने में सहायक सिद्ध होंगी।

# धौरहरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी की थाना धौरहरा पुलिस ने वांछित चल रहे चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता दिलाई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में छन्नू पुत्र रामकिसोर, सुरेश पुत्र सोनासर, रमाकांत पुत्र जियालाल तीनों निवासी ग्राम रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा, थाना धौरहरा शामिल हैं, जिन पर मुकदमा संख्या 1732/16 अंतर्गत धारा 9/51 वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट दर्ज है। वहीं चौथे अभियुक्त बालक पुत्र टुन्नू पासी, निवासी ग्राम होलागढ़, थाना धौरहरा के विरुद्ध मुकदमा संख्या 3889/16, अपराध संख्या 516/06 अंतर्गत धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में, प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारियों में उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल अंगद प्रसाद, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव और कांस्टेबल अमित कुमार की भूमिका प्रमुख रही। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

# खीरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 साल से फरार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी के थाना ईसानगर पुलिस ने 23 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त शिवभगवान पुत्र बालकराम को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। आरोपी की उम्र 45 वर्ष है और वह ग्राम खडवामीतमऊ, थाना ईसानगर, जिला खीरी का निवासी है।शिवभगवान के खिलाफ वर्ष 2001 में अपराध संख्या 103/2001 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 379 व 506 तथा उत्तर प्रदेश वन संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त लंबे समय से फरार था, जिसके चलते न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था।यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी धौरहरा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आज दिनांक 23 मई 2025 को उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ कांस्टेबल शिवकुमार व कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## लखीमपुर खीरी में शुरू हुई रैपीडो बाइक टैक्सी सेवा, पहली सवारी बिल्कुल फ्री

लखीमपुर खीरी । अब शहरवासियों के लिए सफर करना और भी आसान हो गया है। रैपीडो (टथध्द्धदध) ने लखीमपुर खीरी शहर में अपनी बाइक टैक्सी सेवा की शुरुआत कर दी है। यह सुविधा न सिर्फ किफायती है, बल्कि तेज और सुरक्षित यात्रा का भरोसा भी देती है।रैपीडो की ओर से लॉन्च ऑफर के तहत यात्रियों को पहली सवारी पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही है। इसके अलावा किराया मात्र ?20 से शुरू होता है, जो इसे आम लोगों के लिए बेहद सुलभ बनाता है।यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रैपीडो के हर राइडर को यह निर्देशित किया गया है कि वे यात्रियों को हेलमेट उपलब्ध कराएं। इससे सफर न केवल आरामदायक बल्कि सुरक्षित भी बनता है। शहर के लोगों ने इस सेवा का स्वागत करते हुए इसे समय और पैसे की बचत वाला विकल्प बताया है। रैपीडो का लक्ष्य है कि वह भीड़भाड़ वाले शहरी इलाकों में सुगम और विश्वसनीय यात्रा सुविधा उपलब्ध कराए। जल्द ही रैपीडो शहर के कोने–कोने तक अपनी पहुंच बनाएगा और लखीमपुर खीरी की रफ्तार को और बढ़ाएगा।

## लखीमपुर खीरी की नई बस्ती राजापुर बिजली संकट से बेहाल, ट्रांसफार्मर व पोल की मांग पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

लखीमपुर खीरी । जिले की तहसील लखीमपुर के अंतर्गत आने वाली नई बस्ती, राजापुर के निवासी भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से जूझ रहे हैं। मानपुर रोड स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने बसे इस मोहल्ले में लोगों ने अपने मकान तो बना लिए हैं, लेकिन अब तक न विद्युत लाइन बिछाई गई है, न ही पोल और ट्रांसफार्मर की कोई व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह क्षेत्र नई प्लॉटिंग के अंतर्गत आता है और यहां लगातार जनसंख्या बढ़ रही है। बावजूद इसके, बुनियादी विद्युत सुविधाओं का अभाव स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। मोहल्ले में एकमात्र ट्रांसफार्मर प्राइमरी स्कूल के पास स्थित है, जो केवल दो–चार कनेक्शन को ही सपोर्ट करता है और वह भी विद्यालय के लिए ही निर्धारित है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र भी सौंपा, लेकिन हैरानी की बात है कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गर्मी के इस मौसम में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासा कष्ट झेलना पड़ रहा है। मोहल्ले के नागरिकों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द क्षेत्र में विद्युत पोल, लाइन और नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाए, ताकि उन्हें मूलभूत सुविधा ऽ बिजली ऽ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# मैलानी पुलिस की कार्रवाई, फरार वारंटी अभियुक्त जसकरन गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी की थाना मैलानी पुलिस ने वांछित वारंटी अभियुक्त जसकरन पुत्र बलराम को गिरफ्तार कर कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अहम कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम निपनिया, थाना मैलानी, जनपद खीरी का निवासी है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा द्वारा जिले में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में, थानाध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त को आज दिनांक 23 मई 2025 को गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के दौरान उपनिरीक्षक अवलीश कुमार के साथ हेड कांस्टेबल श्याम कुमार वर्मा और कांस्टेबल करन वर्मा शामिल रहे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में जल संकट से लड़ने की मुहिम तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जब पानी की हर बूंद कीमती हो जाए, तो उसे बचाना सिर्फ जरूरत नहीं, ज़िम्मेदारी बन जाती है। लखीमपुर खीरी ने इस ज़िम्मेदारी को अपने दिल में बसाया है।''हर गांव तालाब'' के जरिए यहां की मिट्टी अब जल संरक्षण की मिसाल बन रही है।लखीमपुर खीरी की तपती धरती पर शुक्रवार को एक नई कहानी लिखी गई पानी बचाने की, प्रकृति से जुड़ने की, और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संवारने की। तहसील सदर के ग्राम अमानलाला में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पारंपरिक विधि-विधान से तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच जब दोनों अधिकारियों ने खुद फावड़ा उठाया, तो वह क्षण केवल मिट्टी हटाने का नहीं, बल्कि नई उम्मीदों की बुनियाद रखने का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पानी बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अब गांव खुद उठा रहे हैं। यह सिर्फ तालाब नहीं, आने वाली पीढ़ियों को सौंपा गया अमूल्य उपहार है। यह सिर्फ खुदाई नहीं, बल्कि जल प्रबंधन की सोच का प्रतिबिंब है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हर गांव में एक तालाब, मतलब हर गांव में एक जलग्रहण केंद्र। जब गांव खुद अपना जल सहेजेंगे, तो जल संकट सिर्फ शब्द बनकर रह जाएगा। कार्यक्रम के अंत में डीएम और सीडीओ ने वहां मौजूद श्रमिकों, ग्रामीणों और बच्चों को मिष्ठान और बिस्कुट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और इस सामूहिक प्रयास को एक उत्सव में बदला। यह कदम जल संरक्षण के महत्व को समझाने और सभी को जोड़ने की एक नयी मिसाल बन गया। इस मौके पर बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री की ''कैच द रेन'' पहल को ज़मीन पर उतारते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जल संरक्षण की एक बेमिसाल शुरुआत की गई है। इस अनूठी पहल के तहत अबतक जिले के 1000 गांवों में कच्चे तालाबों का निर्माण कार्य आरंभ करवा दिया है। हर तालाब को तकनीकी दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए इनलेट, आउटलेट की व्यवस्था की जा रही है, जिससे वर्षा जल को रोककर उसे लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांकः 19.05.2025 में निम्नलिखित संशोधन किए गए है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के लखनऊ गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 89,29,421.82 |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 1,78,600.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का **30 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का **40 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का **60 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:-** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोटः** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांकः 19.05.2025** **1520/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित, कारण बताओ नोटिस जारी

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण चिकित्सक सहित 11 कर्मचारी मिले अनुपस्थिति

### जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरयासुजान का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। गुरुवार को मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ. अनुपम प्रकाश भास्कर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरयासुजान का औचक निरीक्षण किया गया।सीएमओ उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण हेतु पहुँचे। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया तो चिकित्सक सहित 11 कर्मचारी अनुपस्थिति पाये गये। सीएमओ द्वारा अनुपस्थिति चिकित्सक एवं कर्मचारियों का वेतन बाधित करते हुये कारण बताओ नोटिश जारी किया गया।अनुपस्थिति पाये जाने वालों में चिकित्सक डॉ संजय यादव दो दिन से,डॉ ओ.एन. मिश्र,फार्मासिस्ट अवध किशोर तिवारी,स्टाफ नर्स ज्योति कुमारी एक मई से अनुपस्थित, एलटी अशोक कुमार वर्मा,काउंसलर सन्दीप सिंह तीन दिन से, रवि प्रताप सिंह तीन दिन से,ऑप्टोमेटिस्ट अमित राय, एएनएम रुकईया खातून,वार्ड बॉय विकास लाल श्रीवास्तव, स्वीपर रामध्यान प्रसाद गोड़ आदि प्रमुख थे। तो वही मौके पर स्वीपर राहुल कुमार, स्टाफ नर्स अन्नू नेहा राव एवं एएनएम सरला सिंह उपस्थिति पायी गयी। सीएमओ द्वारा उनके कार्यो की जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि सुबह एक महिला का प्रसव कराया गया तो फिर प्रसव रजिस्टर की भी जाँच किया गया। सीएमओ द्वारा वहाँ आये मरीजों से बात कर आवश्यक जानकारी ली गयी।उन्होंने ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुँचाया जाये। ऐसे में समय से ड्यूटी न करने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी ड्यूटी स्थल पर समय से पहुँच कर अपने कार्यो एवं दायित्व का निर्वहन करें। ताकि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनमानस को दिया जा सके। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने ने कहा कि जो निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये है उनका वेतन बाधित करते हुये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पुलिस के अनुसार आत्महत्या का मामला, की जा रही जांच



आजमगढ़। जिले के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के भगतपुर बघेला गांव में शुक्रवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें 35 वर्षीय नौसाद, पुत्र मोहम्मद आजम, की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।पुलिस के अनुसार, नौसाद के घर में सुबह गोली लगने की घटना हुई, जिसके बाद घंटों तक स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में पुलिस को सूचना मिली कि नौसाद ने पारिवारिक समस्याओं के चलते अवैध पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या की हो सकती है। हालांकि, पुलिस इस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया, ''हमें सुबह भगतपुर बघेला गांव से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने पारिवारिक समस्याओं के कारण गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है, और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।'' पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## मानव को सही रास्ते पर लाता है सत्संगः रामाशंकर शास्त्री



राजापाकड़, कुशीनगर। मानव को भगवान की प्राप्ति करनी है तो उसे सत्संग अवश्य करनी चाहिए। सत्संग का श्रवण नहीं करने के वजह से भगवान भोलेनाथ की पत्नी भगवती सती को भटकना व मरना पड़ा। ये बातें श्रीरामपट्टी किशुनदेव पुर में चल रहे भागवत कथा के दौरान रामशंकर शास्त्री जी ने कहा। उन्होंने कहा कि सत्संग मनुष्य को सही रास्ते पर लाता है। बिगड़े भाग्य को बना देता है। मुख्य यजमान विद्यान्ती देवी रहीं।इस अवसर पर गोरखनाथ राय, संतोष कुमार राय, राजाराम राय, रामबेलास राय, विरेन्द्र राय, सुवाष राय, राम अवध ओझा, देवेन्द्र पांडेय, आनंद मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद लाल, विपिन बिहारी लाल, प्रभात श्रीवास्तव, किशोर शर्मा, राजन, अंशु, आलोक राय, ओमप्रकाश राय आदि रहे।

## बकायेदारों की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 2 जून को

रायबरेली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि न्यायालय देय के बकायेदार नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रसेहता एवं श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी अनंत मजरे मरदानपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 2 जून 2025 समय प्रातः 10 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्ते संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## जमीन विवाद में मां सहित दो बेटियों को पीट कर किया घायल

बछरावां,रायबरेली। क्षेत्र के गजियापुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट की इस वारदात में मां सहित दो बेटियों को गंभीर चोटे आ गई ।प्राथमिक इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के गजियापुर गांव की रहने वाली माया पत्नी रवि ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी कीमती भूमि पर कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे थे और जब उसने मौके पर जाकर मना किया। प्रतिपक्षी गण राजन पुत्र गुड्डू निवासी दल थंभन खेड़ा, सुरेन्द्र पुत्र राम बहादुर निवासी सुखई का पुरवा महाराजगंज, शिव प्रसाद पुत्र विजई निवासी गजियापुर, सुमित पुत्र शिव प्रसाद निवासी गजियापुर ने उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। इसी दौरान उक्त लोगों ने लात घूसों से उन्हें पीटना शुरू कर दिया जब उनकी बेटियां किरण तथा कोमल उन्हें बचाने पहुंची तो उक्त लोगों ने उन्हें भी लात, घूसो ,डंडों से जमकर मारा पीटा तथा जमीन पर पटक दिया। जिससे सभी को गंभीर चोटे आ गई ।

# आर के भट्ट बावरा विश्व भोजपुरी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष मनोनीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद में साहित्यिक गतिविधियों को एक ऊंचाई देने एवं साहित्य के क्षेत्र में दिए जा रहे हैं महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए विश्व भोजपुरी सम्मेलन के द्वारा शिक्षक,मान्यता प्राप्त पत्रकार, कवि एवं साहित्यकार आर के भट्ट बावरा को जनपद कुशीनगर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ मणि के द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान करते हुए कहा गया है कि विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन, भोजपुरी लोकगीत, लोक नृत्य, लोक संगीत और साहित्य को ऊंचाई पर पहुंचाने,उसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनपद में श्री भट्ट के द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। इस पद पर मनोनयन के उपरांत अपेक्षा और विश्वास है कि जनपद में भोजपुरी संस्कृति, भोजपुरी कला, नृत्य,गीत- संगीत और परंपराओं के संवर्धन,संरक्षण को और गति मिलेगी, साथ ही भोजपुरी भाषा के उत्थान के लिए कार्य करने वाले सभी साहित्यकार, कलाकार और गुणी जनों को ताकत मिलेगी। विश्व भोजपुरी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष पद पर मानोनयन के उपरांत शिक्षक, पत्रकार,कलाकार और भोजपुरी से प्रेम करने वाले गुणी जनों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा है की उम्मीद है कि भारत ही नहीं विश्व फलक पर भोजपुरी को ऊंचाई देने में श्री भट्ट अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।शुभकामना व्यक्त करने वालों में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत , अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद डा देवेंद्र मणि, संरक्षक डा गोरख राय , अश्विनी पांडेय , डा सुनीता पांडेय , मीनू जिंदल , प्रधानाचार्य नवेंदु भूषण कुशवाहा, रेडियो प्रज्ञा के प्रबंध निदेशक परशुराम श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉक्टर संदीप अरुण श्रीवास्तव, डॉ राजीव मिश्रा, डॉक्टर कमलेश वर्मा, डॉ देवशरण सिंह, समाजसेवी ज्ञानवर्धन गोविंदा राव, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिला अध्यक्ष एसएन शुक्ला,अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, जिला अध्यक्ष हृदया नंद शर्मा, शिक्षक इब्राहिम अंसारी, साहित्यकार जय कृष्णा शुक्ला, मदन मोहन पांडे, सिटी क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल श्री पिंजरापोल गौशाला के महामंत्री अखिलेश गोयल, मधुसूदन पांडे, अंतराष्ट्रीय लोक गायक आरडी शर्मा,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी ओम, जिला अध्यक्ष शैलेश उपाध्याय, पूर्वांचल पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी आदि लोग शामिल रहे।

# डीएम ने राणा बेनी माधव बख्श सिंह निर्माणाधीन आडिटोरियम का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ राणा बेनी माधव बख्श सिंह ऑडिटोरियम के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना लगभग 21 करोड़ की है, परियोजना को पूर्ण करने की समय सीमा 31 जुलाई 2025 है, समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है फिनसिंग का कार्य शेष है जो कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य को मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, यूपीपीसीएल के एई संदीप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेंशनर भवन का किया लोकार्पण

### प्रदेश सरकार पेंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैः सुरेश खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित पेंशनर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन जनपद के पेंशनरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जहां वे अपने सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस भवन के निर्माण से उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पेंशनर भवन के निर्माण और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पेंशनर दिवस के अवसर पर जनपद में पेंशन भवन बनाने की मांग की गई थी, इस पेंशनर भवन का निर्माण 17.57 लाख रुपए से कराया गया है, जिला प्रशासन के सहयोग से सीएसआर फण्ड से फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था कराई गई है। यह भवन आज पेंशनरों को समर्पित है।उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने अपने सेवा कार्य के दौरान जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ,पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ0 भावना श्रीवास्तव ,अपर जिला अधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, पेंशनर एसोसिएशन से बीएन यादव, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, बीएस सक्सेना, दयाराम यादव,आरबी वर्मा सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

### अमृत 2.0 के अन्तर्गत ''एक पेड़ मां के नाम'' का आयोजन

आजमगढ़। एनयूएलएम के समन्वय से दो चरणों में कराया जाना है। प्रथम चरण दिनांक 21 मई से 23 मई, 2025 में स्थल का भ्रमण एवं द्वितीय चरण दिनांक 05 जून से 31 अगस्त, 2025 तक पौध रोपड़ का कार्य कराया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आज दिनांक 23.05.2025 को जिलाधिकारी महोदय, आजमगढ़ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में गठित समिति एवं समूह से चयनित महिलाओं (कामिनी देवी, पूनम श्रीवास्तव, राजकुमारी, सरोज पाण्डेय, प्रिया सिंह, मनीषा अग्रवाल, निर्मला गोंड़, पूजा खरवार, हेमलता, रिंकू देवी) के साथ कुंवर सिंह उद्यान पार्क का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ किट का वितरण किया गया।''एक पेड़ मां के नाम'' योजना के सफल कियान्वयन हेतु भ्रमण के दौरान चयनित समूह की महिलाओं के साथ परियोजना अधिकारी, डूडा/अधिशासी अधिकारी, न0पा0प0 आजमगढ़, निरीक्षक, उद्यान विभाग, शहर मिशन प्रबन्धक, डूडा एवं कम्यूनिटी आर्गनाईजर आदि उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने 37 दिव्यांगजनों को वितरित किये 63 कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत जनपद के दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम रतापुर स्थित सामुदायिक केन्द्र के परिसर में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, सदर अदिति सिंह व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला गया एवं दिव्यांगजनों को सरकार की समस्त योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विधायक, सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी चिन्हित पात्र 37 दिव्यांगजनों को कुल 63 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल 28, बैसाखी 26, व्हीलचेयर 05, स्मार्टकेन 04 वितरित किये गये, इसके अतिरिक्त 07 नवीन दिव्यंग्यानों का विभिन्न योजनाओं हेतु चिन्हांकन किया गया। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा प्राप्त उपकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा सदर विधायक व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी व लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई व मानव तस्करी रोधी एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना की मासिक समीक्षा सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। पुलिस लाईन स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात/नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी./एस.जे.पी.यू. महोदय की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजीपीयू) व थाना एएचटी (मानव तस्करी रोधी/एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में निम्न अधिकारी तथा स्वयं सेवी, एनजीवो के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए- सहायक अभियोजन अधिकारी संजय सिंह, सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार श्रम विभाग आजमगढ़, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिव नारायण बेसिक शिक्षा कार्यालय आजमगढ़, डिप्टी सी.एम.ओ. डॉ0 अलेन्द्र कुमार जिला चिकित्सालय आजमगढ़, सीडब्लूसी अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य डा0 प्रेमलता द्विवेदी, चाइल्ड लाइन आजमगढ़ से संजय शाही, केन्द्र प्रबन्धक सरिता पाल वन स्टॉप सेन्टर आजमगढ़, जन विकास संस्थान से श्री अनिल कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर, आली संस्थान से कनीज फातिमा, रामानन्द सरस्वती पुस्तकालय जोकहरा से संध्या राय आदि एन.जी.ओ., आर.पी.एफ. जी.आर.पी., डीसीआरबी, प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन व थानों के बाल कल्याण अधिकारी/सहायक बाल कल्याण अधिकारी तथा थाना ए.एच.टी. के कर्मचारीगण । बैठक में थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही समस्याओं, पीड़िता के आवासन, बाल गुमशुदा, बालश्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति, किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा वन स्टॉप सेन्टर में महिलाओं के निगरानी में आ रही समस्याओं के बारें में अवगत कराया गया । पोक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत करने के 24 घण्टे के अन्दर एडए को सूचित करना, पोक्सो के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्त्तव्य और दिशा-निर्देश का पालन, जे0जे0एक्ट के अन्तर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट भरना, न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारी रिमाण्ड लेने हेतु व नाबालिग पीड़ित/पीड़िता का चिकित्सालय में मेडिकल कराने के लिये सादे वस्त्रों में आने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, जे0जे0 एक्ट की धारा 24, पोक्सो तथा जुबेनाइल से सम्बन्धित अभियोगों में प्रेस विज्ञप्ति देते समय पीड़िता/बाल अपचारी की फोटो व व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाये आदि के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई ।

# कार्यकर्ता निर्माण से राष्ट्र पुनर्निर्माण का ध्येय होगा संभव : राजशरण शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरक्ष प्रांत की चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग 20 से 23 मई 2025 को चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बेलइसा, आज़मगढ़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0 राजशरण शाही, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री गोविन्द नायक, राष्ट्रीय मंत्री श्री अंकित शुक्ल, उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री गौरव अत्रि, पूर्वी उत्तर-प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री घनश्याम शाही, प्रांत अध्यक्ष डॉ0 राकेश प्रताप सिंह, प्रांत मंत्री श्री मयंक राय और प्रांत संगठन मंत्री श्री हरिदेव की उपस्थिति में संपन्न हुई।

चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में गोरक्ष प्रांत के सभी प्रांत पदाधिकारी, आयाम, कार्य, गतिविधि के संयोजक प्रांत कार्यसमिति, कार्यकारिणी, 17 संगठनात्मक जिलों से विभाग प्रमुख व संयोजक, जिला प्रमुख व संयोजक उपस्थित रहे।चार दिवसीय इस अभ्यास वर्ग में चले 13 सत्रों में विभिन्न सांगठनिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर गहनता के साथ चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न सत्रों में संचालित हुए इस अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को नेतृत्व विकास, संवाद, समूह चर्चा और राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वहीं अभाविप गोरक्ष प्रांत मंत्री श्री मयंक राय ने अभाविप के आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह,नॉन स्कूलिंग को पूर्णतः बंद कर ''परिसर चलो अभियान'' हेतु स्कूल चलो अभियान, सदस्यता, इकाई गठन पर योजना बताई। इसके साथ ही रानी अबक्का की 500 वीं जन्म शताब्दी को प्रांत के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में मनाया जायेगा।अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0 राजशरण शाही ने कहा कि अभाविप सदैव से ही छात्र जीवन में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव के विकास हेतु संकल्पित रही है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ चांदनी का रेलवे स्टेशन के पास तालाब में मिला शव

**जिस तालाब में चांदनी बानो का शव मिला वह सार्वजनिक स्थल है वहां लोगों का आवागमन रहता है, ऐसे में यह घटना अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही चांदनी एक दिन पहले लापता हुई चांदनी का शव शुक्रवार को रेलवे स्टेश न के पास एक तालाब में तैरता हुआ मिला।रहस्य मय परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे गांव को झक झोर कर रख दिया है।इटियाथोक पुलिस ने बताया कि चांदनी 18 वर्षीय हरैया झूमन गांव की रहने वाली थी और पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी।वह गुरुवार सुबह चार ब जे अचानक घर से निकल गई थी।जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की,लेकिन सफलता नहीं मिली।तब परिवार वालो ने जाकर इटियाथोक पुलिस को सूचना दी गई।अगले दिन शुक्रवार सुबह करीब सुबह 11 बजे चांदनी का शव रेलवे स्टेशन से सटे मदरसे के पीछे स्थित तालाब में तैरता मिला।शव की झलक मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने त त्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान के पुत्र जावेद खा न और शालू खान को सूचना दी,जिन्होंने मौके पर पुलिस को बुलाया।

### फॉरेंसिक टीम ने संकलित किए साक्ष्य

पुलिस ने चांदनी के शव को तालाब से निकलवा कर फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। प्रारं भिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।इटियाथोक थाना प्रभारी निरीक्ष क शेषमणि पांडेय ने बताया कि चांदनी की मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकेगी। मृतका के पिता शकील अहमद ने बताया कि उनकी बेटी चांदनी का मानसिक इ लाज चल रहा था।वह पांच बहनों में सबसे छोटी थी और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी।उसके चार भाई भी हैं।वही गांव के लोगों में भी चांदनी की मौ त को लेकर शो क और चिंता का माहौल है।हर को ई यही जानना चाहता है कि यह मौत एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और सच्चाई छिपी है।ग्राम प्रधान के पुत्र शालू खान ने कहा कि चांदनी बानो जब लापता हुई थी,तभी से पूरे गांव के लोग उसे ढूंढने में जुटे थे।अब उसका शव मिलना हम सभी के लिए चौंकाने वाला है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में घटना से सम्बंधित सच्चाई सामने आ जाएगी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा चांदनी के मौत रहस्य

वही स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस तालाब में चांदनी बानो का शव मिला, वह सार्वजनिक स्थल है और अक्सर वहां बच्चे, महिलाएं और राहगीर आते-जाते हैं। ऐसे में शव का वहां पाया जाना कई सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है,और चांदनी बानो की मौत को हल्के में नहीं लिया जाएगा। फिलहाल परिजन पूरी तरह टूट चुके हैं और चांदनी बानो की मृत्यु को लेकर गहरे सदमे में हैं।गांव में भी मातम पसरा हुआ है।उनका कहना है कि पुलिस द्वारा की जा रही जांच से ही अब इस घटना के पीछे का सच सामने आ सकेगा।

## गोला के नवली में पाइप लाइन में लीकेज की वजह से दो माह से बर्बाद हो रहा पीने पानी, 300 परिवार परेशान



गोला, गोरखपुर। जल जीवन मिशन के तहत गोला विकास खंड की ग्राम सभा नवली में पेयजल की स्थिति चिंताजनक है। राजेश मौर्य के घर के पास वाटर सप्लाई की मुख्य पाइपलाइन दो माह पहले फट गई। इससे शुद्ध पेयजल घरों तक पहुंचने की बजाय सड़क पर बह रहा है।नवली की आबादी 1500 से अधिक है। यहां दो वर्ष पहले जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड टैंक बना था। पूरी ग्राम नवली की आबादी 1500 से अधिक है। यहां दो वर्ष पहले जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड टैंक बना था। पूरी ग्राम सभा में पाइपलाइन बिछाकर हर घर को कनेक्शन दिया गया। तीन माह पहले पानी की सप्लाई शुरू हुई। लेकिन एक माह के भीतर ही मानक विपरीत पाइप लगने के कारण लाइन फट गई।ग्रामीणों रामजी पांडेय, ब्रह्मानंद पांडेय, पवन पांडेय, सत्यनारायण मिश्रा, राजेश मौर्य और जयपाल मौर्य ने बताया कि पानी खेत में बह रहा है। रास्ते में पानी भरने से आवागमन भी प्रभावित है। गर्मी के मौसम में 300 परिवार पीने के पानी के लिए परेशान हैं।ग्रामीणों ने विभाग को समस्या की सूचना दी। जल निगम के जूनियर इंजीनियर अंशुमान सिंह ने मौका मुआयना किया। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पाइपलाइन का लीकेज नहीं रुका है। जेई अंशुमान सिंह का कहना है कि मुख्य पाइपलाइन की मरम्मत जल्द कराई जाएगी।

## मोक्षदायिनी है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य विनोद



गोला,गोरखपुर। श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है। इसकी रचना ही गृहस्थ के उद्धार के लिए की गई है। मनुष्य अपने कर्म में पूर्णतया प्रवृत होते हुए भी उसमें संसार के विषय-सुखों के प्रति वैराग्य हो और प्रभु के प्रति प्रेम जगे। यही श्रीमद्भागवत की कथा और उसमें विभिन्न लीलाओं का उद्देश्य है. उक्त बाते श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य विनोद जी महाराज ने कही। वे क्षेत्र के करौंदी गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में व्यासपीठ से कथा का रसपान करा रहे थे। कहा कि भागवत का सीधा सा अर्थ है भगवान को मिलाने वाला साधन। भागवत का आश्रय लेने से ही आत्मदेव ब्राह्मण तथा उसके पुत्र धुंधकारी का प्रेतरुप से उद्धार हुआ था। भक्ति के दो पुत्र ज्ञान व वैराग्य हैं। जो काल के प्रभाव से जर्जर हो गए हैं लेकिन कलियुग में भगवान के नाम का संकीर्तन ही मनुष्यों को मुक्ति का उपाय है इसीलिए सभी लोग अपने कार्य में से थोड़ा समय निकालकर भगवत भजन अवश्य करें। संतों का आश्रय लेने वाला ही संत बनता है और भागवत का आश्रय लेने वाला भगवान बन जाता है। अंत में मुख्य यजमान फुनारे शुक्ल ने आरती कर प्रसाद वितरण कराया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश दुबे, रामप्रगट शुक्ल, राजाराम शुक्ल, रामगोपाल शुक्ल, अरूण शुक्ल, सुबास शुक्ल, रामजीत शुक्ल, पप्पू तिवारी, भीम तिवारी ओमप्रकाश तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, राजेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## विद्युत वितरण मण्डल कार्यालय में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

बहराइच । अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वी.के. राजपूत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एवं अन्य कर्मचारी संगठनों द्वारा 14 मई 2025 से प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन/आन्दोलन के दृष्टिगत विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण एवं व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच अन्तर्गत संचालित मण्डलीय कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 8005494418 है। श्री राजपूत ने आमजन से अपेक्षा की है कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतो के निवारण, जानारी एवं सुझाव के लिए मण्डलीय कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 8005494418 पर सम्पर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। अधी.अभि. विद्युत ने बताया कि स्थापित कन्ट्रोल रूम राउण्ड-द-क्लाक संचालित रहेगा।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के गुर्गो ने दुकान विवाद में विपक्षी को घर से बुलाकर पीटा

**पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव पर रिपीटर बंदूक तानी,बट से सिर फोड़ देने का आरोप छह लोगो पर केस दर्ज**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मालवीय नगर में दुकान कब्जे की रं जिश लेकर जानलेवा हमले में बदल गई।पीड़िता मीरा श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पति अम्बरीश कुमार खरे को गुरुवार को घर से फोन कर बाहर बुलाया गया।जैसे ही वह घर से निकले,पहले से मौजूद पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपेश कुमार उ र्फ निर्मल श्रीवास्तव और पांच अन्य लोगों ने हम ला बोल दिया।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि निर्मल श्रीवास्तव ने पहले रिपीटर बंदूक से गोली मारने की कोशिश की,लेकिन बंदूक नहीं चली तो उन्होंने उसी की बट से अम्बरीश के सिर पर वार किया। हमलावरों ने सरिया और लोहे की रॉड से भी हम ला कर दिया गंभीर रूप से घायल अम्बरीश को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मीरा श्रीवास्तव का कहना है कि यह हमला पूरी तरह पूर्व नियोजित था। मकसद मीना कॉम्प्लेक्स स्थित उनकी दुकान पर कब्जा करना था। हमले के बाद आरोपियों ने दुकान पर जबरन ताला भी लगा दिया।

### पूर्व अध्यक्ष समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मीरा श्रीवास्तव की तहरीर पर पूर्व नगर पालिका अध्य क्ष रूपेश कुमार उर्फ निर्मल श्रीवास्तव,राजेशश्रीवास्तव, दीपांशु,श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, आयु ष और रामकृपाल तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

# उपभोक्ताओं को गुमराह करके एक आधार कार्ड पर बेचता था दो सिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की साइबर सेल और धानेपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में जियो स्टोर के कर्मचा री विवेक कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है।आ रोपी के पास से दूसरों के नाम पर एक्टिवेट किए गए दो फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए हैं।आरोपी अ नजान लोगों के आधार कार्ड से सिम एक्टिवेट कर ते समय एक साथ दो सिम एक्टिवेट कर लेता था।वह दो सौ रुपये की सिम को दो हजार रुपये में बे चता था।क्षेत्र में फर्जी सिम बिक्री की शिकायतें मि लने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी गोण्डा साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक शादाब आलम,गोंडा साइ बर सेल एक्सपर्ट हरि ओम टंडन और इनकी टीम ने मामले की गहनता से जांच की,साइबर क्राइम मु ख्यालय लखनऊ के निर्देश पर धानेपुर थाने में मु कदमा दर्ज किया गया।आरोपी को जियो स्टोर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। धाने पुर थानाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी उपभोक्ताओं के नाम पर अतिरिक्त सिम एक्टिवेट कर महंगे दामों में बेचता था।पुलिस जांच कर रही है कि इस फर्जी सिम कार्ड रैकेट में और कौन-कौन शामिल हैं।

# गोण्डा निबंधन कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला, पंद्रह दिनों तक किसी भी रजिस्ट्री में हिस्सा नहीं लेंगे अधिवक्ता

**कार्य प्रणाली से त्रस्त अधिवक्ताओं ने घूसखोरी का लगाया आरोप**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। योगी सरकार ने जनता की सुविधाओं के लिए जमीनों के क्रय विक्रय दस्तावेजों तथा पंजीय न के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके इतर विभागीय कार्यालय में निबंधन विभाग के कर्मचारी सरकार की योजना में पलीता लगाने में जुटे हैं। कोई न कोई गलती निकाल अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं।बताते चलें कि जमीनों,दुकानों,म कानों तथा प्रापर्टी आदि की क्रय विक्रय हेतु बैनामा तथा दस्तावेजों को तैयार करने के लिए सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का सिस्टम लागू कर दि या है।इसी के मद्देनजर जनवाणी केंद्रों में क्रेता त था विक्रेता ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराते हैं।आरोप है कि जिले के उपनिबंधक सदर कार्यालय में व्या प्त कथित भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने ब ड़ा कदम उठाया है।बार एसोसिएशन ने पंद्रह दिनों तक किसी भी रजिस्ट्री कार्य में हिस्सा न लेने का निर्णय लिया है।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।अधिवक्ताओं का आरोप है कि उपनिबंधक कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता।साथ ही उपनिबंधक द्वारा अधिवक्ताओं और लेखकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

### अधिवक्ता कर रहें बड़े आंदोलन की तैयारी

बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि उपनिबंधक द्वारा नियमित रूप से अधिव क्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। अधिवक्ताओं ने उपनिबंधक का स्थानांतरण करने की मांग की है।यदि पंद्रह दिनों के भीतर उपनिबं धक का स्थानांतरण नहीं किया गया,तो अधिवक्ता बड़े आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। एकजुट होकर उठा रहे आवाज अधिवक्ताओं ने इस मामले में जि लाधिकारी और अपर जिलाधिकारी से भी शिकाय त की है।वर्तमान में पूरा अधिवक्ता समुदाय भ्रष्टाचा र के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठा रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि जो उपनिबंधक कार्या लय में सरकारी शुल्क है।उसके अतिरिक्त पैसा लि या जाता है ना देने पर रजिस्ट्री नहीं की जाती है रजिस्ट्री वापस कर दिया जाता है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य मृतक शिवदीन के बहन की शादी का उठाएंगी पूरा खर्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नी पुर वा गांव में मृतक शिवदीन के परिवार से मुलाकात की,उन्होंने मृतक की बहन शिवकुमारी की शादी का पूरा खर्च उठाने का निर्णय लिया।

शादी पांच जू न को गोंडा में होगी और शादी कराने की जिम्मेदारी यूपी राज्य महिला आयोग ने ली है।बीते चौबीस अप्रैल की रात को बदमाशों ने चोरी के दौरान शिव दीन की गोली मारकर हत्या कर दी थी।जिसके च लते उसके बहन शिवकुमारी की शादी पांच मई को होने वाली टल गई थी।पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराया।दोनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था।चार अन्य आरो पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।इनमें से दो मुठभेड़ में घायल हुए थे।मृतक शिवदीन की मां ने रोते हुए महिला आयोग की सदस्य से जेल में बं द आरोपियों के लिए कठोर सजा की मांग की है। ऋतु शाही ने बताया कि ये आरोपी गोंडा में आतंक का पर्याय बन चुके थे।उन्होंने शादी के कारण घर में धन होने की संभावना देखकर डकैती की योज ना बनाईथी।शिवदीन ने डकैतों का विरोध किया और आखिरी दम तक उनसे लड़ा।डकैतों ने उस पर गोली चला दी जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई थी।इसके बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जब आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उ न्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश मारे गए है।राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बताया इस घर में जिस बच्ची की शादी है उसकी पूरी जिम्मेदारी हम लोग उठा रहे हैं।जो भी शादी में खर्चा आएगा उसको हम लोग निर्वहन करें गे अच्छे ढंग से शादी इस बच्ची की कराई जाएगी। यूपी राज्य महिला आयोग के द्वारा ही हमको भेजा गया है कि जाकर के पीड़ित परिवार से मिलिए औ र जो भी मदद करने लायक होगी मदद की जाएगी और हम लोग इस परिवार का पूरा सहयोग कर रहे हैं जिससे कि बिटिया की शादी में कोई कमी न हो ने हो।

## स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट को दी गयी भावभीनी विदाई



बहराइच । वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिले से स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व कलेक्ट्रेट सहायकों सहायकों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को उपहार, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी गई।विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासी और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर श्रीमती प्रभाकर को याद किया जायेगा। वक्तागण ने कहा मृदुलभाषी स्वभाव के कारण श्रीमती प्रभाकर जनपद में काफी लोकप्रिय थी। श्रीमती प्रभाकर की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं।विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जनपद बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की। विदाई समारोह का संचालन संदीप मिश्रा ने किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में जन आरोग्य समितियों की अहम भूमिका

**जिले भर की जन आरोग्य समितियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित की अभिमुखीकरण कार्यशाला**

**सीएमओ ने शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए धन खर्च करने को कहा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । जिले की अट्ठावन जन आरोग्य समितियों के पदाधिकारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि समितियों को शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए ही धन खर्च करना है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में जन आरोग्य समितियों की अहम भूमिका है।

समिति के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य इकाइयों के आधारभूत संरचना में आमूलचूल परिवर्तन संभव है, बल्कि जनजागरूकता का स्तर बढ़ा कर स्वस्थ समाज का निर्माण भी किया जा सकता है।इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने आसपास के ग्राम पंचायतों के सहयोग से चिकित्सा इकाइयों के विकास आश्वासन दिया। कार्यशाला का स्वागत करते हुए पदाधिकारियों ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। तय हुआ कि तीन माह बाद पुनः बैठक कर सकारात्मक प्रयासों को बढ़ाया जाएगा। सीएमओ डॉ झा ने समिति के पदाधिकारियों को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शीघ्र जांच और इलाज से किसी भी बीमारी को जटिल होने से बचाया जा सकता है। खासतौर से कैंसर की चर्चा करते हुए सीएमओ ने कहा कि समय से पहचान कर इस बीमारी का भी इलाज संभव है। इस दिशा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर श्रेणी के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की अहम भूमिका है। इन केंद्रों पर सभी प्रमुख बीमारियों की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जन जन तक यह संदेश पहुंचाना होगा कि किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जांच व परामर्श के लिए पहुंच सकते हैं।सीएमओ ने बताया कि जन आरोग्य समिति में जिला पंचायत सदस्य या ब्लॉक पंचायत सदस्य अध्यक्ष होते हैं, जबकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सचिव होते हैं। स्वास्थ्य इकाई पर आधारभूत विकास कार्य व अन्य आवश्यक काम के लिए दोनों लोगों के हस्ताक्षर से पैसे खर्च किये जा सकते हैं। जिले में इस समय क्रियाशील अट्ठावन समिति में से प्रत्येक समिति को करीब सतासी हजार रूपये जारी किये जा रहे हैं। समितियों से कहा गया है कि वह इस धन से मानकों का पालन करते हुए चिकित्सा इकाइयों पर मरीजों की प्राथमिक सुविधा के लिए काम कराएं।कार्यक्रम में डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय और मंडलीय कम्युनिटी प्रासेस कंसल्टेंट राजीव रंजन ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर मंडलीय क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ जसवंत मल्ल और डीपीएम पंकज आनंद भी मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के पराक्रम की शान में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा

## भारतीय जनता पार्टी ने जिले प्रमुख संस्थाओं के साथ मिलकर नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा आज नगर पीलीभीत में निकाली गई। पाकिस्तान भारतीय सेना के आगे अपने घुटने टेक चुका है।और जब तक पाकिस्तान अपने हिमायती आतंकवादियों का समाप्त नहीं कर देता तब तक कोई बात नहीं होगी केवल और केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर बात होगी जोकि हमारे भारत का अभिन्न अंग है।आए हुए सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने बधाई देते हुए।

इसके समर्थन और बधाई देनी हेतु नगर के प्रमुख संस्था एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस शौर्य यात्रा में अपना प्रतिभाग किया।यह यात्रा रामा गार्डन से प्रारंभ होकर गैस चौराहा,चावला चौराहा,




ड्रमंडगंज चौराहा होते हुए लोटन महाराज के चौराहे पर इस यात्रा का समापन हुआ। इस शौर्य यात्रा में जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,जिला गन्ना समिति अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौधरी,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार,अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह,जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल,नगर उपाध्यक्ष अमित शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल,आईटी सुमित गंगवार,नितिन सक्सेना,पीयुष अग्रवाल,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा,मंडल अध्यक्ष सुमित सागर,अनीता कश्यप,प्रमोद कश्यप,भरत राम राजपुत, इस यात्रा में सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# सपा नेता राजकुमार राजू हवन पूजन के साथ नए घर में किया प्रवेश पहुंचे पूरे जनपद से दिग्गज नेता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूरनपुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी राजकुमार राजू ने शुक्रवार को अपने नए घर में विधि विधान से प्रवेश किया है। खुटार हाईवे पर टेलीफोन एक्सचेंज के सामने पंकज कॉलोनी राधा कृष्ण मंदिर गली नंबर 10 में हवन पूजन के साथ धार्मिक कार्यक्रम हुआ। सुबह 8 बजे गृह प्रवेश के विधि पूजन के बाद 9 बजे सुंदरकांड का प्रारंभ हुआ। इसके बाद 11 यज्ञ एवं पूर्णाहुति हुई। इसके बाद अपराह्न 1 प्रति भोज शुरू होकर शाम तक चलता रहा। नए गृह प्रवेश के दौरान जनपद भर से कई लोगों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी है। सपा नेता राजकुमार राजू ने कहा वह पूरनपुर में ही रहकर अब विधानसभा क्षेत्र की जनता का सुख-दुख में सहयोग करेंगे। यहां पहुंचे लोगों ने नगर प्रवेश को लेकर बधाई दी है। लोगों कहना है राजकुमार राजू हमेशा सभी के सुख-दुख में साथ देते हैं।

# भाकियू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अधिशासी अभियंता कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने दिए ज्ञापन में बताया कि अभयपुर माधौपुर गांव टाइगर रिजर्व से लगा हुआ है। घरों में बिजली के कनेक्शन न होने की वजह से अधेरा रहता है और बाघ आने का खतरा भी बना रहता है। देश आजाद होने व प्रधानमंत्री हर घर बिजली देने का वायदा किया है। उसके बाद भी गांव के लोगों को विधुत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बिजली कनेक्शन नहीं हो पा रहे हैं। जिसकी वजह से लोग अधेरे में रहने पर मजबूर हैं। भाकियू ने ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि अगर अधेरे की वजह से कौई हादसा होता है।तो इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो, बलजीत सिंह, हरजिंदर सिंह,जितेंद्र सिंह, गुरपाल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दूध की कमी के बावजूद कैसे उपलब्ध हो रहा कुंतलों पनीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डॉक्टर की राय:जानलेवा हो सकता है सपरेटा पनीर**

**शादी की सहालग में बढ़ जाती है पनीर की खासी डिमांड डॉक्टर बोले सफरेटा पनीर से करें परहेज वरना बीमार होने को रहें तैयार**

बिलसंडा । शादी सहालग की सीजन शुरू होते ही जान लेवा सपरेटा पनीर की खपत भी धड़ल्ले से शुरू हो गयी।डॉक्टरों की मानें तो यह हानिकारक केमिकल से बना होता है।जो जानलेवा भी हो सकता।लेकिन होटल और रेस्टॉरेंट मालिकों को इसकी जरा भी परवाह नही है।इसमें सिर्फ प्रोटीन ही नहीं बल्कि कैल्शियम, फॉस्फोरस, सेलेनियम, फाइवर और एंटी ऑक्सीडेंट के गुण भी पाए जाते हैं।लेकिन यह तभी है जब हम असली पनीर का इस्तेमाल कर रहे हैं।यदि मार्किट में बिक रहा सिंथेटिक पनीर खरीद लिया तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं।शादी व्याह में बढ़ती मांग से नकली पनीर की खपत खूब हो रही है।क्योंकि गर्मियों में दूध की किल्लत के चलते भारी मात्रा में पनीर मिलना असंभव है। नगर में इस मिलावटी पनीर के भाव 320 से 340 रुपये प्रति किलो बसूले जा रहे हैं,और दुकानदार सीधे मुंह बात भी नही करते हैं।कारण है कि यहाँ फूड इंस्पेक्टर भी वर्षों नही आते,त्योहारों पर वह अपनी जेब गर्म करके महज खानापूरी कर जाते हैं।

**यूरिया डिटर्जेंट से बनता सिंथेटिक पनीर**

नकली और मिलावटी पनीर अक्सर यूरिया,डिटर्जेंट, कोल्तार डाई, सल्फारिक अम्ल इत्यादि से बनाया जाता है।इसमे थोड़ा से दूध में सोडियम बाई-कार्बोनेट को सस्ते वनस्पति तेल मे बेकिंग पाउडर के साथ डालकर पनीर बनाया जाता है।इसके सेवन करने से शरीर मे विभिन्न रोगों की उतपत्ति होगी,जो जानलेवा भी हो सकते हैं।

डा.सुभाष जायसवाल बिलसंडा

फार्मलीन डालकर भी बनता नकली पनीर

अक्सर दूध से क्रीम निकाल लिया जाता है।और फिर उस दूध में आरारोट मिला दिया जाता है।दूध में आरारोट की मात्रा इतनी होती है कि वह गाढ़ा हो जाता है,जिसमें फार्मलीन डाल दिया जाता है।फाड़ने के लिए छेने का पानी डालकर पनीर बन गया।जो सेहत के लिए हानिकारक है।

**डा. पंकज गुप्ता बिलसंडा**

रबड़ की तरह खिंचता है नकली पनीर

खाद्य पदार्थों में मिलावट कर बेचना आम बात हो गई है।आज के समय में मिर्च मसालों से लेकर दूध,दही,चाय, काफी तक में मिलावट की जा रही है।बाजार में आज जो पनीर मिल रहा है,वह बिल्कुल ही बेकार है।जबकि इसकी कीमत पूरी वसूली जा रही है।नकली पनीर की पहचान है कि वह रबड़ की तरह खिंचेगा।

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने अपनी जीत के लिए चुनाव प्रसार किया तेज



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगतिशील अधिवक्ता ऐसोसिएशन चुनाव 2025 के वार्षिक चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कर्मठ जुझारू और ईमानदार प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता नत्थू लाल पांडे ने लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अधिवक्ताओं से मिलकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील भी कर रहे हैं।सभी अधिवक्ताओं से अपना कीमती से कीमती वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की बात कह रहे हैं।वरिष्ठ अधिवक्ता नत्थू लाल पांडे ने कहा कि अगर अधिवक्ता साथियों ने उन पर भरोसा जताया और चुनाव में विजय हासिल हुई तो सबसे पहले मुंसिफ कोर्ट को लेकर प्रयास करेंगे।

## आधा दर्जन जिले के एक्सपर्ट्स को छका रहा बाघ, तीसरे दिन नही लगा सुराग असफल रहा रेश्क्यू अभियान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव नजीरगंज निवासी हंसराज और चतीपुर में रामप्रसाद पर काम करने दौरान बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उसको पकड़ने की मांग की थी। शासन सें अनुमति मिलने के बाद 21 मई को बाघ ट्रकुलाइज करने के लिए टीम पहुंची थी। दोपहर बाद बाघ हरिपुर नहर के पास खेतों में भागता दिखाई दिया था। अंधेरा होने पर उसको ट्रकुलाइज नहीं किया जा सका था। गुरुवार बाघ तारकोठी नहर के पास दिखाई दिया था। यहां पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज, शाहजहांपुर की मैलानी और लखीमपुर की दुधवा रेंज का जंगल पड़ता है। तीन रेंज के बॉर्डर होने पर सभी रेंज के वनकर्मी पहुंच गए। इसके अलावा बरेली मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह बरेली परिवर्तन दल की टीम के साथ पहुंचे थे। दोपहर तक उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं की जा सकी थी। बताया जा रहा है चहल कदमी से बाघ जंगल के अंदर छिप गया है। इसके अलावा बाघ को पकड़ने के लिए तीन अन्य जगह पिंजरे और कई कमरे भी लगाए गए हैं। लगातार घटनाओं के बावजूद वन्यजीव के न पकड़े जाने से ग्रामीणों में काफी दहशत देखी जा रही है। शुक्रवार पाँच बजे बाघ को पकड़ने के लिए जंगल किनारे पंडा बांधा गया लगातार निगरानी के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका है मुख्य वन संरक्षक के निर्देशन में बरेली और मुरादाबाद मंडल की कई एक्सपर्ट निगरानी में जुटे हुए हैं।

## राहुलनगर मजदूर बस्ती में महिला की पिटाई कर झोपड़ी में लगाई आग, मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती की रहने वाली उषा देवी ने शुक्रवार पाँच बजे बताया कि 22 मई शाम 5 बजे घर पर थी। तभी पड़ोस की रहने वाली महिला सहित पौन दर्जन लोग लाठी डंडा से लैस होकर घर में घुस आए। इसके बाद सभी हमलावर होकर मारपीट करने लगे। इसके बाद आरोपी महिला ने माचिस से उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। इससे अनाज, चारपाई, बिस्तर सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। शिकायत करने पर सभी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## गांव मुजफ्फरनगर में महिला को उकसाने के मामले में आठ पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंडा निवासी रोली की शादी 13 वर्ष पूर्व पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी संजीव सिंह के साथ हुई थी। परिजनों ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया था। रोली के दो पुत्र है शेखर उम्र दस वर्ष व ऋषभ उम्र 7 वर्ष 21 मई को कमरे में फांसी के फंदे पर रोली का शव लटका मिला था। मृतिका की वहन सोनी पत्नी अमित सिंह ने हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत हैंगिंग की वजह से हुई हैं। पुलिस ने इस मामले में पति संजीव सिंह सहित आठ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार चार बजे कोतवाली प्रभारी ने बताया कि महिला की मौत मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही हैं।

## अधिवक्ता की दर्दनाक मौत पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए एसपी से वार्ता

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने शुक्रवार को सिविल लाइंस निवासी अधिवक्ता नवीन शुक्ला की दर्दनाक मौत पर दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से दूरभाष पर वार्ता की।एसपी ने बताया कि अभी तहरीर के हिसाब से एफआईआर लिखी गई है। तहरीर में किसी का नाम नहीं दिया गया था।उन्होंने बताया चालक और वाहन को कब्जे में लिया गया है।एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि दोषी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मैंने गुरुवार को परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की थी। और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है। पार्टी अधिवक्ता स्व.नवीन शुक्ला को न्याय दिलाने के लिए कृत संकल्प है।भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि अधिवक्ता स्व. नवीन शुक्ला की पत्नी महिला मोर्चा में जिला कार्यालय प्रभारी है।आपको बता दें गुरुवार 22 मई को सिविल लाइंस निवासी अधिवक्ता नवीन शुक्ला बेटे को बाइक से छोड़ने स्टेला मारिस कान्वेंट स्कूल जा रहे थे। स्कूल से करीब 50 मीटर दूर एमजीएस चौराहे की ओर से तेजी से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी जान चली गई और बेटे की हालत नाज़ुक है। बेटे को मेडिकल कॉलेज से ट्रामा सेन्टर लखनऊ रिफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## जायस पुलिस ने चालीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को धरदबोचा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोहम्मद शाकिर उर्फ महताब पुत्र अब्दुल गनी निवासी मोहल्ला वार्ड संख्या तेइस ख्वाजगान जेर मस्जिद थाना जायस को चालीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पत्रकार के निधन पर शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर। पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य व एक हिंदी दैनिक अखबार के जिला प्रतिनिधि सैयद सनाउद्दीन के आकस्मिक निधन पर पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय पर एक शोक सभा डॉ0 अवधेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बरीष मिश्रा ने सैयद सनाउद्दीन को कलम का सच्चा सिपाही बताया।उन्होंने कहा कि अपने साथी के निधन पर हमारे सभी साथी बहुत दुखी हैं।दुख की इस घड़ी में हमारा संगठन दिवंगत पत्रकार के परिवार के साथ खड़ा है।अध्यक्ष डॉ0 अवधेश शुक्ला ने दियांगत साथी पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बीते कई दिनों से पत्रकार नगर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती होकर इलाज करवा रहे थे।उनके निधन पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।उन्होंने दिवंगत पत्रकार के परिवार की हर संभव मदद करने की बात कही। उक्त अवसर पर उपस्थित नवीन शर्मा,शिव कुमार दुबे ,अशोक मिश्रा, आशीष मौर्या, दीपक मिश्रा,परविंद शर्मा, शीतला साहू आदि ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार की आ की शांति के लिए ऊपर वाले से दुआ की।

# संगठन ने गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक मदद के लिए बढ़ाया हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह में आर्थिक मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। एसोसिएशन ने गरीब बेटियों को विवाह के में कई प्रकार के बड़े बड़े सामान व नगद राशि देकर सहायता की है। इतना ही नहीं शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन द्वारा कई प्रकार के सामाजिक कार्यों को किया जाता है। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने बताया कि? एसोसिएशन सभी गरीबो के लिए सहारा बन के खड़ा है कन्याओं के विवाह से लेकर कई अन्य कार्यों में आगे बढ़ कर मदद कर? रहा है। जिलाध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने बताया की अभी हाल ही में एक गरीब की शादी में कई प्रकार के सामान दिए गए हैं जैसे डबल बेड, सिंगारदान, चौकी और कई प्रकार के सामान दिए गए हैं। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष फ़ज़ल रिज़वी ने बताया कि देने वाले ऊपर वाला है, लेकिन हमें एक दूसरे की मदद करना जरूरी है. गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग जरूरी है। संगठन हमेशा समाज में गरीब व असहाय लोगों की सहायता में जो बन सकेगी, अवश्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीब-असहाय लोगों को मदद करने से सुकून मिलता है। इसलिए गरीबों के बीच बढ़-चढ़ कर सेवा करनी चाहिए। वहीं संगठन के प्रदेश महामंत्री अली जाफरी ने कहा कि संस्था का प्रयास रहता है कि हर गरीब-असहाय को मदद करना. ताकि शादी विवाह, श्राद्ध कर्म में गरीबों को आर्थिक समस्या का सामना नही करना पड़े। वही संस्था के प्रदेशाध्यक्ष अलमदार हुसैन ने कहा कि अभी हमारे संस्था को सरकार के द्वारा कोई फंड नहीं मिल रहा है। फिर भी हमलोग ट्रस्ट के सभी सदस्य मिलकर यह अभियान उठाया हूं। आखिरी सांस तक हमलोग लोगों की मदद करते रहेंग। मौके पर डॉ मोहतशम रज़ा, सफदर अब्बास, मोहम्मद हुसैन गोलू, अली अब्बास, इमरान अब्बास आदि संगठन के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो लहराने वाला युवक गिरफ्तार

अमेठी,थाना जायस पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तमंचे के साथ अपनी फोटो पोस्ट करने वाले नवयुवक को एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर नीरज पटेल पुत्र रामभान निवासी ग्राम बेरारा थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस बरामद हुई है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अवैध तमंचा के साथ अपनी फोटो पोस्ट किया था जिसका एक्स सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शिकायत प्राप्त होने पर थाना जायस पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये युवक को गिरफ्तार कर अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिये योगाभ्यास आवश्यक है : हरिओम तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चल रहे समर कैम्प में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को योगाभ्यास कराया गया और अभिवावकों से अपने पाल्यों को समर कैम्प में नियमित भेजने के लिये प्रेरित किया गया।विकास क्षेत्र सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय में चल रहे समर कैम्प में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप कार्य कर बच्चों को शिक्षा के साथ ही अनुशासन और संस्कार प्रदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि आज के इस दौर में बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिये योगाभ्यास बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग से बच्चों का शरीर स्वस्थ्य होता है और स्वस्थ्य शरीर मे ही स्वस्थ्य मस्तिष्क विकसित होता है साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है।उन्होंने कहा कि नियमित योगा उन्हें पूरे जीवन उर्जा देगा। उन्होंने अभिवावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग नियमित अपने घरों पर बच्चों के साथ योग करें क्योंकि बच्चे आने वाले समाज के अगुवा होंगे यह जो सीखेंगे वही आगे चलकर सिखायेंगे भी इसलिये इनका शिक्षित होना जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक इनमें नैतिक गुणों का प्रवेश दिलाना भी है। कम्पोजिट विद्यालय पन्हौना में चल रहे समर कैम्प में प्रधानाध्यापक पवन कुमार,शिक्षा मित्र राम प्रताप व चंचला द्वारा लगातार शिक्षित किया जा रहा है।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में कक्षा छह से आठ तक शिक्षारत बच्चों को समर कैम्प में शिक्षित किया जा रहा है और इन विद्यालयों का नियमित निरीक्षण भी

# सत्यधाम का संत समागम एवं विशाल भंडारा 25 व 26 मई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सत्यधाम पर जुटेंगे श्रद्धालु, संतो की वाणियों की होगी अमृत वर्षा**

सुलतानपुर। जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप सिंहौली ग्राम में स्थित सत्यधाम आश्रम पर दिनांक 25 मई को संत आगमन कच्ची एवं 26 मई को सुखद अनमोल सत्संग, महामंगल आरती एवं विशाल भंडारे का कार्यक्रम सुनिश्चित है। सत्यधाम पर विभिन्न सामाजिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक, नैतिक, बौद्धिक एवं लोक कल्याणार्थ कार्य प्रायः होते रहते हैं, जहां प्रदेश के विभिन्न कोने से तथा अन्य प्रदेश के भी श्रद्धालु प्रतिभाग करते रहते हैं। आश्रम के गद्दीधीश आचार्य, सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने बताया कि वार्षिक संत समागम एवं भंडारे में संतो, भक्तों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों आदि का जमावड़ा होगा। 26 मई को सत्संग प्रवचन एवं विशाल भंडारा भी होगा।

# कोरोना संग जीना

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# 'मिस्टर खरगे!, कांग्रेस के सवाल बेमानी हैं...'

**मिस्टर खरगे ने सवाल उठाया, ''क्या प्रधानमंत्री का काम सिर्फ विदेश जाकर फोटो खिंचवाना है इतने विदेशी दौरे करने के बाद भी आज भारत दुनिया में अकेला खड़ा है। ऐसे ही कुछ सवाल लगातार कांग्रेस के अन्य नेता राहुल गांधी, पवन खेड़ा एवं अन्य उठा रहे हैं। राजनीतिक तौर पर सवाल उठाना अच्छी बात है, किंतु कौन सा प्रश्न कब उठाना चाहिए, कम से कम यह तो इन नेताओं का पता ही होगा! क्योंकि राजनीति में इनकी वरिष्ठता को देखकर तो यह उम्मीद की ही जा सकती है। पर यहां क्या हो रहा है जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे बड़े ऑपरेशन में रहकर उसके पहले चरण को सफल बनाकर अभी-अभी बाहर निकला है और आप (विपक्ष) हैं कि सत्ताधारी दल को इसलिए घेरना चाहते हैं क्योंकि वह देश की सरकार चला रहा है! यह कैसा आपका तरीका है जब आपकी सरकार सत्ता में रही, तब आप 2611 जैसे पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के महा अटैक के विरोध में कुछ नहीं कर पाए!**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 सालों में 72 देशों के 151 विदेशी दौरों का हवाला देते हुए बताया है कि वे 10 बार अमेरिका गए, लेकिन इन यात्राओं का कोई फायदा भारत को नहीं मिला। मिस्टर खरगे ने सवाल उठाया, ''क्या प्रधानमंत्री का काम सिर्फ विदेश जाकर फोटो खिंचवाना है इतने विदेशी दौरे करने के बाद भी आज भारत दुनिया में अकेला खड़ा है। ऐसे ही कुछ सवाल लगातार कांग्रेस के अन्य नेता राहुल गांधी, पवन खेड़ा एवं अन्य उठा रहे हैं। राजनीतिक तौर पर सवाल उठाना अच्छी बात है, किंतु कौन सा प्रश्न कब उठाना चाहिए, कम से कम यह तो इन नेताओं का पता ही होगा! क्योंकि राजनीति में इनकी वरिष्ठता को देखकर तो यह उम्मीद की ही जा सकती है। पर यहां क्या हो रहा है जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे बड़े ऑपरेशन में रहकर उसके पहले चरण को सफल बनाकर अभी-अभी बाहर निकला है और आप (विपक्ष) हैं कि सत्ताधारी दल को इसलिए घेरना चाहते हैं क्योंकि वह देश की सरकार चला रहा है! यह कैसा आपका तरीका है जब आपकी सरकार सत्ता में रही, तब आप 2611 जैसे पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के महा अटैक के विरोध में कुछ नहीं कर पाए! अवसर तो आपके पास भी था कि उसका ठीक ढंग से बदला लेते। यह आतंकी हमला कितना बड़ा था इसका अंदाजा इसी से लगता है कि साल 2008 की 26 नवंबर की रात एकाएक मुंबई गोलियों की आवाज़ से दहल उठी, जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित और भारी हथियारों से लैस दस चरमपंथियों ने मुंबई की कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था, जो चार दिन तक चला। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। उन 160 बलिदानियों का तत्कालीन कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने पाकिस्तान से क्या बदला लिया था इसका उत्तर है, कुछ भी नहीं। दूसरी तरफ केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार है जिसके रहते हुए जब-जब भी पाकिस्तान ने भारत को आंख दिखाने की कोशिश की या आतंकवाद फैलाया तो सीधा अटैक पाकिस्तानी सेना और वहां के आतंकवादियों पर खुले तौर पर भारत की ओर से हुआ। ऐसे में स्वभाविक है कि देश की जनता वर्तमान मोदी सरकार के समर्थन में दिखाई दे रही है, जिसे विपक्ष स्वीकार करना नहीं चाहता और व्यर्थ के मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है। हकीकत भारत की विदेश नीति की क्या रही है, यह आज दुनिया को पता है। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, तब जिन 57 मुस्लिम देशों की ताकत के नाम पर पाकिस्तान अपना सीना फुला रहा था, उसे सिर्फ तुर्किए और अजरबैजान को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिला। उस समय के बयान देखें, चीन तक चुप था, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका इन सभी के प्रमुख राजनेताओं के वक्तव्यों को थोड़ी देर के लिए कांग्रेस के नेता जो आज भारत की विदेश नीति को घेर रहे हैं, वह देख लें, पढ़ लें और उसे समझ लें कि आखिर इन सभी के बयानों में तत्कालीन समय में क्या भाषा बोली जा रही थी। वे सभी भारत के पक्ष में और आतंकवाद के विरोध में हैं कि नहीं । कांग्रेस जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को 1.4 अरब डॉलर का कर्ज देने का मुद्दा उठा रही है, तो वह इस मुद्दे को उछालकर किसे मूर्ख बना रही है यह तो दुनिया के आर्थिक विशेषज्ञ एवं विदेशनीति के जानकार सभी पहले से जानते हैं कि महिनों पहले ही तय हो गया था कि उक्त दिनांक को इस संबंध में बैठक होनी है, और कुल इतनी राशि पाकिस्तान को दी जा रही है। हां, भारत ने विरोध किया और अपना संदेश दे दिया कि इस राशि का उपयोग जोकि विकास के नाम पर मांगी जा रही है कर्ज स्वरूप । वह विकास में ही खर्च होगी। वास्तव में पाकिस्तान ऐसा करेगा, इस पर उसे (भारत को) संदेह है। क्योंकि पाकिस्तान का जो स्वभाव है, उसके अनुरूप वह इस राशि से आतंकवाद को बढ़ावा देगा। कांग्रेस को समझना चाहिए कि यह भारत की आज की विदेश नीति की ही सफलता है कि भले ही पाकिस्तान को उक्त राशि मिली, पर साथ में कई नियम एवं शर्तें भी लगा दी गई हैं। क्या कांग्रेस को वह शर्तें जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से पाकिस्तान पर लगाई गई हैं, दिखाई नहीं देतीं कोष ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद पाकिस्तान पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। इसके साथ ही कोष की ओर से पाकिस्तान को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के खिलाफ पाकिस्तान को रुपया देते ही जो ग्लोबल गुस्सा फूट पड़ा था और दुनियाभर में उसकी किरकरी हो रही थी, वह क्या भारत की सफल विदेश नीति का परिणाम नहीं है फिर कांग्रेस का यह कहना कि आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के बीच अचानक सीजफायर की घोषणा, भारत की कमजोर विदेश नीति का उदाहरण है। वास्तव में यह कह कर क्या कांग्रेस अपने ही देश पर आज प्रश्न खड़ा नहीं कर रही क्योंकि ऐसा कर वह देश की जल, थल, नभ तीनों सेनाओं पर अविश्वास कर रही है । बहुत आपत्तिजनक बात है यह। क्योंकि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी पत्रकार वार्ता द्वारा और स्वयं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के नाम अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों और पहलगाम हमले का परिणाम है, जोकि अभी समाप्त नहीं हुआ है। पाकिस्तान की ओर से कुछ भी गलत किया जाएगा, उसका उचित प्रति उत्तर भारतीय सेनाएं देने के लिए स्वतंत्र हैं। वस्तुतः सच यही है और जिसे दुनिया ने स्वीकार भी किया है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई करके पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी अड्डों को एयरस्ट्राइक कर तबाह कर दिया। इसके बाद जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने पाकिस्तान के 11 सैन्य ठिकानों को भी मिट्टी में मिला दिया। भारत ने इतिहास में पहले बार किसी परमाणु देश में 100 किलोमीटर तक अंदर घुसकर प्रहार किया है। वहां परमाणु अड्डे तक पर भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की धमक सुना दी गई है। इसके बाद भी अपनी ही सरकार पर कांग्रेस सवाल उठा रही है। डिफ़ेन्स क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के शेयर अचानक ऊंचे भाव पर पहुंच गए। आकाश मिसाइल बनाने वाली सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयरों में तेजी से उछाल आया है। बीईएल का लाभ 18.4 प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह से अन्य डिफेंस क्षेत्र की भारतीय कंपनियां हैं, जिनके ड्रोन एवं अन्य सैन्य सामान, मिसाइल प्रणाली दुश्मन के हवाई हमलों का जवाब देने के लिए प्रयोग में लाई गईं। आज ये सभी भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गए हैं। क्या यह भी कांग्रेस को दिखाई नहीं देता है यह क्या ऐसे ही अचानक से हो गया राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य विमानों के नुकसान की बात कहकर सवाल पूछ रहे हैं! वे इसके लिए सार्वजनिक तौर पर (एक्स) पर अपने ही विदेशमंत्री जयशंकर को घेर रहे हैं। कह रहे हैं, 'हमने कितने भारतीय विमान खोए यह चूक नहीं थी। यह अपराध था। और राष्ट्र को सच्चाई जानने का हक है।' इससे पहले कहा कि 'हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था।' आश्चर्य यह जानकर होता है कि राहुल गांधी यह सब तब पूछ रहे हैं, जबकि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु सेना ने अपने किसी भी विमान के गंवाने की बात नहीं कही है। वहीं, विदेश मंत्रालय भी बता चुका है कि राहुल गांधी का यह बयान 'तथ्यों का सरासर गलत निरूपण' है क्योंकि भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद आरंभिक चरण में पाकिस्तान को चेतावनी दी थी, न कि उससे पहले कोई अपनी कार्रवाई के संबंध में बताया था। पर राहुल समेत उनके नेता पूरी दुनिया को यह बता रहे हैं कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था कि वह इस तरह का ऑपरेशन पाकिस्तान में चलाने जा रहा है। क्या जनता नहीं समझ रही सच क्या है लेकिन यह कांग्रेस है कि देश हित से भी ऊपर उसे प्रधानमंत्री मोदी का विरोध नजर आ रहा है और वह भारत सरकार के विरोध का नैरेटिव गढ़ने में लगी है। यह जानते हुए कि इस ऑपरेशन के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया था। जिसकी तमाम तस्वीरें भी सार्वजनिक तौर पर आ चुकी हैं । सभी ने देखा, कैसे आतंकवादियों के मरने पर पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों की वहां मौजूदगी है। इसी के साथ विश्व भर के देशों ने भी सामने से अनेक आए वीडियों से समझा कि पाकिस्तान की सेना आतंकवादियों का समर्थन करती है। यह सब कुछ देखने के बाद भी आज कांग्रेस उल्टा सवाल अपनी ही सरकार पर उठा रही है। कहना यही होगा कि इस (भारत-पाकिस्तान) छोटे अंतराल के युद्ध में दुनिया ने हिन्दुस्तान की ताकत को महसूस किया है, उसे गहराई से समझा है। चीन, तुर्किए एवं अन्य देशों में बनी मिसाइल, ड्रोन्स को हवा में उड़ाते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी एवं सैन्य ताकत को विश्व ने जाना है। यह एक ऐसी ताकत और भारत की धमक है, जिसका कि आज दुनिया ने लोहा माना है। बहुत बुरी तरह से पिटा है भारत के हाथों पाकिस्तान । दूसरी ओर हमारे देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस है, जो आज व्यर्थ की बातें और प्रश्न अपनी ही सरकार से कर रही है, जिनका कोई औचित्य नहीं। बलकि इन बातों से पाकिस्तान को ही वैश्विक लाभ कूटनीति के स्तर पर होने की अधिक संभावना है। यह वाकई समझ के परे है, आखिर कांग्रेस का यह कैसा अपने देश के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आचरण है। -डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# समरसता से परिष्कृत विकास की अवधारणा

**संजीव ठाकुर**

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# संगीत सुनना सेहत के लिए भी होता है लाभदायक

आमतौर पर, जब भी व्यक्ति बोर होता है तो मन बहलाने के लिए म्यूजिक सुनना काफी पसंद करता है। गाने सुनने से न सिर्फ मन शांत होता है, बल्कि इसके कारण काफी रिलैक्स भी महसूस होता है। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि संगीत सुनने से सिर्फ आपका चित्त शांत होता है, तो आप गलत हैं। आपको शायद मालूम न हो लेकिन संगीत सुनने से आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा होता है। जी हां, म्यूजिक सुनने से आप खुद को तंदरूस्त बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको म्यूजिक सुनने के कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं? रहते हैं खुशः म्यूजिक सुनने के जरिए आपका तनाव कम तो होता है ही, साथ ही आप पहले से ज्यादा खुश रहते हैं। बहुत से शोध इस बात को साबित करते हैं कि जब आप संगीत सुनते हैं तो इससे आपके दिमाग में डोपामाइन नाम का न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होता है, जिसके कारण आप काफी अच्छा महसूस करते हैं। इस प्रकार खुश रहने के लिए आप हर दिन कुछ देर संगीत सुनने की आदत अवश्य डालिए। अमेरिकन फिलॉसॉफर और साइकोलॉजिस्ट विलियम जेम्स ने भी कहा था कि मैं इसलिए नहीं गाता, क्योंकि मैं खुश हूं। मैं खुश हूं क्योंकि मैं गाता हूं। अर्थात म्यूजिक सुनना आपको भीतर से खुशी प्रदान करता है। सकारात्मक होती है नींद की क्षमताः एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि अगर आप रात को सोने से पहले अगर कुछ देर के लिए रिलैक्सिंग म्यूजिक सुनते हैं तो इससे आपके भीतर का स्ट्रैस कम होता है और आप रात को एक अच्छी व प्यारी नींद ले पाते हैं। इसलिए अगर आपको इनसोमनिया की समस्या है तो आप रात को सोने से पहले संगीत सुनने की आदत डालिए। आपको कुछ ही दिनों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। तेज होती मानसिक क्षमताः म्यूजिक आपके दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके जरिए न सिर्फ आपकी लर्निंग पावर बढ़ती है, बल्कि जो लोग लगातार म्यूजिक सुनते हैं, वह चीजों को लम्बे समय तक याद रख पाते हैं। इस प्रकार छात्रों के लिए तो म्यूजिक सुनना काफी लाभदायक सिद्ध होता है। आपने शायद कभी गौर किया हो लेकिन जो छात्र एग्जाम टाइम में म्यूजिक सुनते हैं, उनकी परफार्मेंस अपेक्षाकृत अच्छी होती है। अमेरिकन राइटर जौकी पिकोल्ट ने भी कहा था कि म्यूजिक मैमोरी की लैंग्वेज है। इस प्रकार अगर आप अपने मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना चाहते हैं तो म्यूजिक सुनना आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को नियमानुसार पूजा करके शनिदेव को रखें शांत

शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव सूर्य देव और देवी छाया के पुत्र हैं। इनका जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या को हुआ था इसी दिन शनि जयंती मनाई जाती है। शनिवार को शनि देव की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन, उपवास से शनिदेव जल्दी प्रसन्न होते हैं। हांलाकि शनिदेव को सहज कुपित होने वाला देव माना जाता है और इनकी अनिष्टकारी दृष्टि से मनुष्य ही नहीं देव भी भयभीत रहते हैं। नव ग्रहों में सातवें ग्रह माने जाने वाले शनिदेव से लोग सबसे ज्यादा डरते जरूर हैं लेकिन वह किसी का बुरा नहीं करते हैं। वह लोगों के कर्मों के हिसाब से उनके साथ न्याय करते हैं। शायद इसलिए उन्हें न्यायाधीश के रूप में भी पहचाना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति पर से साढ़ेसाती और ढैया समाप्त हो जाती है। इसके अलावा कुंडली में मौजूद कमजोर शनि का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। इस दिन शनिदेव की पूजा विधिविधान से पूजा करने से विशेष लाभ मिलेगा। शनिवार को प्रातःकाल उठकर स्नानादि कर शुद्ध हों। इसके बाद लकड़ी के पाटे पर एक काला कपड़ा बिछाकर उस पर शनिदेव की प्रतिमा रखें। इसके बाद उनके पाटे के सामने के दोनों कोनों में घी का दीपक जलाएं व सुपारी चढ़ाएं। फिर शनिदेव को पंचगव्य, पंचामृत, इत्र से स्नान कराएं। उन पर काले या फिर नीले रंग के फूल चढाएं। इसके बाद उनके गुलाल, सिंदूर, कुमकुम व काजल लगाए। पूजा में तेल में तली वस्तुओं का नैवेद्य समर्पित करें। इस दौरान शनि मंत्र का कम से कम एक माला जप करें।

## पर्यटन



# मानसून में और भी खूबसूरत हो जाता है मुन्नार

घूमने-फिरने की कुछ जगह ऐसी हैं, जो किसी खास मौसम में और भी ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। जैसे हिल स्टेशन्स पर ज्यादातर लोग गर्मियों और सर्दियों में जाना पसंद करते हैं। गर्मी से राहत और सर्दियों में स्नोफॉल देखने के लिए बहुत से पर्यटक यहां खींचे चले आते हैं। आज हम आप बात करेंगे मानसून डेस्टिनेशन मुन्नार की, जो खूबसूरत हिल स्टेशन है, लेकिन मानसून में इस जगह की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। बोटिंग का मजा लेना है तो घूमें कुंडला लेक : मुन्नार अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए तो मशहूर है ही लेकिन अगर नेचर ब्यूटी का मजा लेना चाहते हैं, तो इस जगह जरूर जाएं. कुछ अलग करना चाहते हैं तो आपको बारिश के मौसम में बोटिंग का मजा जरूर लेना चाहिए। मुख्य शहर से 20 किलोमीटर दूर है कुंडला लेक जहां तक पहुंचने में 1 से 2 घंटे का वक्त लगता है। मुन्नार वैली की हरियाली के बीच इस झील में बोट राइड करने का मजा ही कुछ और है। वाटरफॉल के पास करा सकते हैं फोटोग्राफी : मुन्नार से 30 किलोमीटर दूर है लक्कोम वॉटरफॉल्स जो एराविकुलुम नेशनल पार्क से बिलकुल सटा हुआ है। एराविकुलुम नदी की धारा से बनता है ये वाटरफॉल और यहां तक पहुंचने के लिए आपको घने जंगलों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। लक्कोम के अलावा अट्टूकल वॉटरफॉल्स भी घने जंगलों के बीच ही है और यह जगह एडवेंचर पसंद करने वाले लोगों के बीच काफी मशहूर है। मॉनसून में अगर आप मुन्नार जाएं तो इन वॉटरफॉल्स को देखने का मौका बिलकुल मिस न करें। मुन्नार के आसपास नेचुरल ब्यूटी का लें आनंद : मानसून में यहां का मौसम रोमांटिक होता है. बारिश कुछ देर के लिए बंद हो और आसमान साफ हो जाए तो सबसे पहले जाएं मुन्नार से 3 किलोमीटर दूर स्थित फोटो पॉइंट जो मट्टूपेट्टी और टॉप स्टेशन जाने के रास्ते में पड़ता है। यहां से दिखने वाली चाय बागानों की हरियाली और प्राकृतिक खूबसूरती किसी को भी अपनी ओर आकर्षित कर सकती है। कैसे पहुंचेः मुन्नार का अपना कोई एयरपोर्ट नहीं है। नजदीकी एयरपोर्ट कोचिन इंटरनैशनल एयरपोर्ट है जो मुन्नार से 110 किलोमीटर दूर है। यहां से आप टैक्सी या कैब के जरिए मुन्नार पहुंच सकते हैं। इसके अलावा मदुरै इंटरनैशनल एयरपोर्ट मुन्नार से 140 किलोमीटर दूर है।

# माधव फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप का भव्यतम शुभारंभ

## मंत्री शर्मा ने फीता काटा, नाथ ने किया फ्यूल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। रामनगर तहसील के ग्रामीण अंचल के फतेहपुर मार्ग पर गोंदौरा में नव स्थापित माधव फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप का भव्य समारोह के मध्य शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक रूप से मुख्य अतिथि व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत संग फीता काटकर फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री का स्वागत भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया ।इसी दौरान महंत बी.पी दास बाबाजी द्वारा एवं युवा भाजपा नेता वैभव मिश्र जीतू व कुंवर मोनू भास्कर द्वारा राज्यमंत्री श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर आदर जताया गया। फिलिंग स्टेशन के संचालक रामेंद्र द्विवेदी द्वारा सभी का आभार प्रकट कर स्वागत सम्मान किया गया।इस मंगल कार्यक्रम में जिले भर के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व समर्थकों समेत चेयरमैन रामशरण पाठक, भरत लाल सिंह,छेदी सिंह, अमित सिंह मंडल अध्यक्ष व मुकेश मिश्र गिरीश मिश्र धर्मेंद्र वर्मा सन्तोष अवस्थी सज्जन शुक्ला रवि शुक्ला आकाश दीक्षित शक्ति सिंह हरिहर दत्त पांडे जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष व पवन ओझा व अमित अवस्थी पूर्व बीडीसी क्षेत्र के अन्य गणमान्य सम्मानित लोग व गोंदौरा ग्राम के ग्रामीण शामिल रहे।इस कार्यक्रम में शामिल हुए अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने पंप की मशीन का पूजन किया और कर कमलों से वाहनों को डीजल पेट्रोल प्रदान कर समारोह को भव्यतम रूप प्रदान किया और संचालक रामेंद्र द्विवेदी को शुभकामनाएं दी। श्री द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभाार जताया।

# ग्राम मीरापुर में आयोजित हुई ग्राम चौपाल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी । विकास खंड हैदरगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम मीरापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना था।चौपाल में ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन लता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहिल कुमारी, रीता जयसवाल, सोनिया, राजेश, सूरज, पचाई, त्रिलोकी आदि लोगों की सहभागिता रही। बैठक में पंचायत सचिव नवीन कुमार सिंह द्वारा स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, सरकारी योजनाओं का लाभ और ग्राम विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।ग्राम चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं को ग्राम स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना एवं जन-जन तक उनकी जानकारी पहुंचाना रहा। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।

# दबंग अवैध कब्जेदारों से पीड़ित हैं किसान,सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।भारतीय अवस्थी किसान संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी ने ग्रामीण अंचल के किसानों खाश कर जमीनी विवाद संबंधी समस्याओं का शुक्रवार को तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार शरद सिंह को सौंपा। किसान नेता ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई।ज्ञापन में दो प्रमुख मुद्दों को उठाया गया। तहसील सिरौली गौसपुर के ग्राम पंचायत इटौरा में गाटा संख्या 1135 का है। यह भूमि सियाराम (पिता सन्तू) के पट्टे की संक्रमणीय भूमि है। इस पर त्रिवेणीनगर इटौरा निवासी राम दयाल चौहान ने अवैध कब्जा कर रखा है। हल्का लेखपाल ने भी इस कब्जे को अवैध माना है। लेकिन लेखपाल के कहने पर भी कब्जा नहीं हटाया गया।दूसरा मुद्दा इसी गाटा संख्या 1135 में लगभग एक एकड़ सरकारी भूमि का है। इस पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। किसान नेता ने दोनों मामलों में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अवैध कब्जे हटाने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। उनके साथ दर्जनों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिंद्रा, साई स्वीट्स समेत कई मिठाई विक्रेताओं के कारखानों पर छापा

## गंदगी पर कार्रवाई घटिया सामग्री कराया नष्ट सवालों में घिरा खाद्य प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सदर आनन्द तिवारी एवं सहायक आयुक्त ;खाद्य-ऋऋ डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं नगरपालिका की टीम द्वारा संयुक्त बिन्द्रा स्वीट्स के गोकुल नगर ओवरी स्थित कारखाने पर छापामार कार्रवाई की गयी। इस दौरान कारखाने में अत्याधिक गंदगी पायी गयी। जंग लगे फीजर में अत्याधिक गंदगी के साथ फंगसयुक्त व दूषित दही, खोवा व क्रीम पायी गयी, बाहर छेना में मक्खी पायी गयी। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों ने हेड कवर, मॉस्क, ऐप्रन नहीं पहना था तथा इनकी व्यक्तिगत स्वाच्छता भी संतोषजनक नहीं थी। कारखाने में तैयार मिठाईयों का उचित रख-रखाव नहीं पाया गया। वेस्ट डिस्पोजल भी खुली नालियों में किया जा रहा था। सभी तैयार मिठाईयॉ खुले में बाहर रखी थी जिनपर मक्खियॉ व गंदगी थी। कार्मिको के लिये अलग से चेन्ज रूम के व्यवस्थ नहीं थी। मानक से अधिक रंगों का प्रयोग किया जा रहा था। मौके पर खाद्य कारोबारकर्ता संदीप यादव उर्फ सोनू यादव की मौजूदगी में कारखाने से खाद्य पदार्थ-बेसन, लाल बूंदी, पीली बूंदी, गुलाब जामुन, छेना, दही एवं खोया का नमूना संग्रहित किया गया एवं मौके पर ही बेसन एवं बूंदी मात्रा लगभग-310 क्रिग्रा0 जिसका अनुमानित मूल्य-55000 सीज किया गया। इसके अतिरिक्त दूषित खोया एवं बेसन मिठाई, दही लगभग-200 क्रि0ग्रा0 जिसका अनुमनित मूल्य-40000 विनष्ट कराया गया। उक्त के दृष्टिगत कारखाने से खाद्य व्यवसाय का संचालन तत्काल बन्द करा दिया गया। इसके पश्चात टीम द्वारा आवास विकास कालोनी स्थित बिन्द्रा स्वीट्स के रिटेल सेन्टर पर भी छापे मारी की गयी तथा यहा से करारा जीरा एवं चायपत्ती का नमूना संग्रहित किया गया। साई स्वीट्स एवं शत्रोहन स्वीट्स से बूंदी लड्डू, पनीर व छेना का नमूना जॉच लिया गया। सॉई स्वीट्स के कारखाने की हाइजेनिंक स्थित संतोषजनक न पाये जाने के कारण कारखाने से खाद्यकारोबार का संचालन तत्काल बन्द करा दिया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय, कर निर्धारण अधिकारी नगरपालिका कमलेश चौबे खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगौती प्रसाद, श्रीमती पल्लवी तिवारी,प्रिया त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा व अरूण कुमार मौजूद थे।

**सवालों में खाद्य औषधि प्रशासन की कार्रवाई**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठते रहे हैं। जब भी कोई हिन्दूओं का त्योहार आता विभाग सक्रिय हो जाता है। इसकी कार्यवाही में छोटे दुकानदार वह व्यवसायी ही आते हैं। बड़े बड़ो पर विभाग की मेहरबानी चर्चा मे रही। ग्रामीण अंचलों में जो लोग छोटे-छोटे व्यवसाय करके जीवन यापन परिवार चलाते हैं बार-बार होने को लक्ष्य किया जाता है। महिला अधिकारी पहुंचती है और कभी-कभी तो एक ही परिवार के लोगों को बार-बार निशाना बनाते है। शहर मुख्यालय में भी प्रशासन की भेदभावपूर्ण कार्य शैली कम चर्चा में नहीं रहती। जानकार प्रत्यक्षदर्शी सूत्र बताते हैं कि आवश्यक खाद्य अवसर प्रशासन के अधिकारियों ने दुकान पर कार्रवाई करना चाहा तो व्यवसाई भड़क उठा। पुरजोर कहां की या तो पैसा लो या फिर नमूना भरो। अधिकारी उल्टे पैर वापस हो लिए।

## सुहागिनें करेंगी सोमवार को वट वृक्ष की पूजा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमावस्या को सुहागिनें पति की दीर्घ आयु की हां कामना से सावित्री बट वृक्ष का पूजन करेंगी। इस पावन अवसर पर हर वर्ष कीभांति इस बार भी जेठ माह में पडने वाला सावित्री बट वृक्ष का पूजन आगामी 26 मई को पड रहा है। इस दिन सोमवती अमावस्या भी पड़ रही है। इसलिए पूजा का महत्व और बढ़ गया। इस पावन अवसर पर स्त्रियां स्नान आदि से पवित्र होकर अपने पति की रक्षा हेतु इस व्रत को रखकर बट वृक्ष का पूजन करती हैं। क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा ,विष्णु, महेश सभी देवता वास करते हैं। इसलिए जो सौभाग्यवती स्त्री इस वृक्ष का पूजन करती है, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बताते हैं कि सोमवार दोपहर में अमावस्या लग जाएगी जो मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे तक रहेगी।

## सभासद में गिनाया समस्याएं, होगा समाधान

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सभासद तफज्जुल हुसैन? ने जैदपुर नगर में विद्युत सम्बंधी समस्याओं को लेकर एस डी ओ संदीप सिंह से मिलकर वोल्टेज व जर्जर पोल जैसी समस्याओं को लेकर वार्ता की गयी। एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि जैदपुर फीडर छेत्र के लिए करीब 150 पोल और 5 ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। जिससे जैदपुर व छेत्रीय समस्याओं का समाधान होगा।

## ब्लॉक प्रमुख की पत्नी का देहावसान शोक की लहर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी की धर्मपत्नी का शुक्रवार शाम छह बजे मेदांता अस्पताल लखनऊ में निधन हो गया।सूचना पाकर क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व समर्थकों ने इस दुःख की घड़ी में परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने हेतु संवेदना व्यक्त की।

# फरीदीपुर तिराहे से निकली शौर्य तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भारतीय सेना का पराक्रम किसी परिचय का मोहताज नही है दुश्मन देश इस बात को अच्छी तरह से जानता भी है खास तौर पर हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान जिसको हाल ही मे भारतीय सेना ने नाको चने चबवा दिए थे इसी उयलब्धि पर वार्ड कन्हैया माधोपुर द्वितीय के अंतर्गत फरीदीपुर में चौधरी लॉन से फरीदपुर होते हुए तिराहे तक शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक सत्येंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद प्रजापति पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील शुक्ला वार्ड अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष रंजीत गुप्ता मंडल महामंत्री भारत द्विवेदी जी किशोरी लाल लोधी डॉक्टर मनमोहन रामकिशोर मौर्य विकास श्रीवास्तव जसवंत सिंह करण राजपूत अमित चौरसिया ओमकार चौरसिया अन्नू तिवारी पिंटू मिश्रा दीपक लोधी गोविंद अग्निहोत्री पिंटू मिश्रा नीरज रावत पवन त्रिपाठी गोविंद अग्निहोत्री मोहसिन सिद्दीकी रामनाथ मास्टर संतोष सिंह पत्रकार और समक्ष वार्ड की जनता उपस्थित रही जिसने यात्रा के माध्यम से दुश्मनो को ये बताया कि भारत पर बुरी नज़र रखना अपना विनाश करना होगा।

# नाबालिगों के लिए साथी टीम चलाएगी अभियान, चिन्हीकरण कर बनेगा आधार कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नाबालिग बच्चों के लिए ''साथी टीम'' आधार कार्ड बनवाने में मदद करेगी।प्राधिकरण ने इसके लिए जिला प्रोबेशन, स्वास्थ्य विभाग ,पुलिस विभाग, राजस्व टीम के साथ साथ पैनल लॉयर, पैरालीगल वालेंटियर्स को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। ''साथी अभियान दस्तावेज'' (आधार के लिए सर्वेक्षण, पता लगाना एवं समग्र समावेश तक पहुंच)'' का शुभारंभ किया गया है।आज जिला एवं सत्र न्यायालय के मीटिंग हाल में साथी अभियान दस्तावेज के उद्देश्य आधार नामांकन, विधिक सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर पूरे देश के साथ साथ सुल्तानपुर/अमेठी में निराश्रित बच्चों की पहचान करने और उन्हें सहायता प्रदान करने पर चर्चा हुई ।विभिन्न विभागों के संयुक्त बैठक में ''नाल्सा'' के निर्देशन में यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बच्चा विधिक पहचान या अधिकारों एवं हकों तक पहुंच के बिना न रह जाए। प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में साथी अभियान के सफलता के लिए जनपद सुलतानपुर में ''साथी समिति'' का गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि साथी समिति का काम यूआईडीएआई से संपर्क कर ऐसे बच्चों का आधार कार्ड बनवाया जाएगा जिनकी उम्र 18 साल से कम है । ऐसे बच्चों का चिन्हीकरण होने के बाद उनका आधार कार्ड आगामी पांच अगस्त के पहले पहले बनने की प्रक्रिया चलेगी ।जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)की भी जानकारी दी तथा कहा कि स्वास्थ्य ,शिक्षा ,भरण पोषण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत जिले भर की तकरीबन 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो-दो बार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम किया गया है तथा बच्ची के जन्म पर पौधे भी लगाए गए ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भीषण ने कहा कि ऐसे बच्चे जो जिला कारागार में अपनी मां के साथ बंद है ऐसे बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

# स्पोटिंग क्लब की जीत कप्तान मनीष को एक लाख व ट्राफी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलहरा बाराबंकी। दो दिवसीय फतेहपुर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप बी की टीमों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। फाइनल मैच कामाक्षी इलेवन व शयान स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमे शयान स्पोर्टिंग ने बिना विकेट गवाए आसान जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा किया।

फतेहपुर के साई पीजी कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ग्रुप बी में पहला मैच बिसवां इलेवन व फतेहपुर इलेवन के बीच हुआ। जिसमे बिसवा की टीम ने बिना विकेट गवाए जीत हासिल कर ली। दूसरा मैच बहराइच इलेवन व कलीम इलेवन फतेहपुर के बीच खेला गया। जिसमे बहराइच की टीम ने 17 रनों से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला असलम क्रिकेट क्लब व कामाक्षी इलेवन के साथ हुआ। इस मैच में कामाक्षी ने एक विकेट खोकर आसानी से मैच को जीत लिया। चौथा मैच नानपारा वरियर्स व सलमान इलेवन से साथ खेला गया। इस मैच में नानपारा की टीम ने 38 रनों से जीता।

नगर पंचायत के चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने विजेता शयान स्पोटिंग क्लब के कप्तान मनीष को ट्राफी व एक लाख का पुरस्कार दिया। वही पराजित हुई कामाक्षी इलेवन के कप्तान राहुल को व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन ने ट्राफी व 50 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार कामाक्षी के राहुल को दिया गया। वही फाइनल में मैन आफ द मैच का पुरस्कार मो0आदी को मिला। समापन पर मीडिया प्रभारी फहीम सिद्दीकी, संयोजक नोमान शेख ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर विपिन सिंह राठौर, मनोज सिंह,फैसल खान, चंदन जायसवाल, जफरुल इस्लाम पप्पू,राकेश गुप्ता, गुफरान, रेहान, जियाउद्दीन,अदनान शेख, अकील,जमाल,मो हसीब आदि मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ अभियान को सफल बनाने के लिये तैयार की गई रुपरेखा

अमेठी । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला स्तरीय संविधान बचाओ के तहत शुक्रवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार मे जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता व कार्यक्रम संयोजक डॉ संजय सिंह के अगुवाई में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। अभियान को प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय संगोष्ठी के बाद विधानसभा स्तर पर भी आयोजित की जायेगी। डॉ संजय सिंह ने बताया कि अठाइस मई को संविधान बचाओ अभियान संगोष्ठी का आयोजन नैना रिजार्ट बहादुरपुर में समय ग्यारह बजे से तीन बजे तक होगा। इस संगोष्ठी में मोदी सरकार की दैनिक विफलताओं-बढ़ती बेरोजगारी,महंगाई, लघु एवं मध्यम उ?द्योगों का पतन, ग्रामीण संकट और काल्याणकारी नीतियों को जानबूझ कर कमजोर करने के षडयंत्र को उजागर करना होगा। इस सरकार की नीतियों से पीड़ित नागरिकों के वास्तविक जीवन के अनुभवों को स्थानीय नैरेटिव के जरिये प्रमुखता से साझा किया जाय। युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समुदायों के व्यापक जुड़ाव को सुनिश्चित करना होगा।संविधान बचाओ अभियान को ख्याति प्राप्त विद्वान वक्ताओं द्वारा सरकार के संविधान विरोधी द्वेष पूर्ण नीतियों को उजागर किया जायेगा कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, परमानंद मिश्र,धर्मराज बहेलिया, जीत लाल सरोज,मतीन अहमद, विजय पासी,प्रवक्ता अनिल सिंह, शत्रुहन सिंह,आईपी माली, रामबरन कश्यप,नरसिंह बहादुर सिंह,टी एन त्रिपाठी, शिवदर्शन पासी,राज कुमार यादव, अशोक श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह गप्पू, देवमणि तिवारी, अनुपम पाण्डेय, गोपी वाजपेयी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सैनिकों के सम्मान में शौर्य तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड्डूपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में सैकड़ों क्षेत्रीय नागरिक सैनिकों के सम्मान में सम्मिलित हुए । तिरंगा यात्रा बड्डूपुर बाजार से खिंझना तिराहा होते हुए तिगैया मोड़ तक पहुंची। और पुनः बड्डूपुर बाजार में समाप्त हुई। शौर्य तिरंगा यात्रा में शील रतन मिहिर, राम सिंह चौहान, अन्नपूर्णा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा,चंदन वर्मा, रोहित भारती, धमेंद्र गुप्ता, विजय सिंह,रमेश चंद्र गौतम,प्रमोद कुमार वर्मा,अवधेश कुमार वर्मा सेक्टर संयोजक, आशीष कुमार वर्मा सेक्टर संयोजक,मोहम्मद शब्बीर मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद शकील फुरकान अहमद, अरविंद मौर्य,दिनेश चन्द्र वर्मा बाबा, लवकुश कश्यप,राहुल वर्मा, मार्कंडेय मिश्रा सहित तमाम लोग सम्मिलित हुए।

# डीआईजी राज कुमार नेगी को अमित शाह ने पुलिस पदक से किया सम्मानित

## संघर्ष और सेवा की मिसाल बने डीआईजी नेगी, अब विज्ञान भवन में मिला राष्ट्रीय सम्मान

एजेंसी



देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन और डीआईजी राज कुमार नेगी को सराहनीय सेवाओं के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। बीएसएफ से उत्तराखंड पुलिस में प्रतिनियुक्ति पर आए राजकुमार नेगी मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे उत्तराखण्ड में पुलिस प्रशिक्षण की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने नेगी को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

राज कुमार नेगी वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के दौरान कालीमठ घाटी में राहत, बचाव व पुनर्निर्माण कार्यों में बीएसएफ की टीम का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में बीएसएफ ने आपदा प्रभावित कालीमठ घाटी के 22 गांवों को गोद लेकर राहत, बचाव एवं पुनर्निर्माण में योगदान दिया।

कारगिल युद्ध के दौरान उन्हें ऑपरेशन विजय स्टार मेडल से भी सम्मानित किया गया। वे संयुक्त राष्ट्र संघ के यूनाइटेड नेशन मिशन इन कोसोवो में भी रहे और इस दौरान उन्हें संयुक्त राष्ट्र पुलिस पदक से भी नवाजा गया। डोईवाला स्थित अंतरराष्ट्रीय बीएसएफ साहसिक खेल प्रशिक्षण संस्थान को बनाने व विकसित करने में भी कमांडेंट के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेगी ने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है और इससे उन्हें निरंतर जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता डॉ. जेएस नेगी तथा माता डॉ. पार्वती नेगी ने उन्हें फोर्स में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और आज उनकी प्रेरणा व उनके निरंतर मार्गदर्शन से यह उपलब्धि उन्हें प्राप्त हुई है।

# महाराष्ट्र: गढ़िचरौली पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए

एजेंसी



मुंबई, 23 मई (हि.स.)। गढ़िचरौली जिले के नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास शुक्रवार को सी-60 कमांडो पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और माओवादी साहित्य बरामद किया है। अभी तक मारे गए माओवादियों की पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास गुरुवार को माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसी वजह से एक दर्जन सी-60 पार्टियों (300 कमांडो) और सीआरपीएफ की एक टीम ने गुरुवार को ही भारी बारिश के बीच कवांडे और नेलगुंडा इलाकों से इंद्रावती नदी के तट तलाश मुहिम शुरू की थी। इसके तहत ही शुक्रवार की सुबह जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी माओवादियों ने सी-60 कमांडो पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण सुरक्षा बलों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की।

मौके पर करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही और बाद में सुरक्षा बलों की तलाशी में चार माओवादियों के शव बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने मौके से एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो .303 राइफल, एक भारमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग सामग्री और नक्सली साहित्य समेत अन्य सामान बरामद किया है। महाराष्ट्र में यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ से सटे इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा उनके शीर्ष नेता बसवराजू समेत 27 नक्सलियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

# पेज एक का शेष

## विश्व...

सीमा शुल्क केंद्रों से भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को विस्तार मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में संभावनाओं का एक नया आकाश खुलने जा रहा है और भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र एशिया प्रशांत देशों में व्यापार का नया नाम बनने जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी है. शांति और कानून.व्यवस्था की उत्तम स्थिति। आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब पूर्वोत्तर के साथ बम.बंदूक और ब्लॉकेड का नाम जुड़ा थाए जिसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा आज हमारा फोकस पूर्वोत्तर के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शांति समझौते किएए युवाओं को विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि पिछले 10.11 साल मेंए 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के लिएए स्वरोजगार के लिए नये मौके मिल रहे हैं। मुद्रा योजना ने लाखों युवाओं को हजारों करोड़ रुपए की मदद दी है। क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के बढ़ने से यहां के युवाओं को कौशल बढ़ाने में मदद कर रही है। क्षेत्र के युवा ष्इंटरनेट यूज़र नहींए डिजिटल इनोवेटर नवप्रवर्तक बन रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि 13 हजार किलोमीटर से ज्यादा ऑप्टिकल फाइबरए 4जी 5जी कवरेजए टेक्नोलॉजी में उभरती संभावनायें नॉर्थ ईस्ट का युवा अब अपने शहर में ही बड़े.बडे स्टार्टअप शुरू कर रहा है। नॉर्थ ईस्ट भारत का डिजिटल गेटवे बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र ऊर्जा और सेमीकंडक्टर उद्योग का केंद्र बन रहा है। क्षेत्र के राज्यों में हाइड्रोपावर और सोलर पावर के हज़ारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहाए आज देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने में भी नॉर्थ ईस्ट असम की भूमिका बड़ी हो रही है। बहुत जल्द नॉर्थ ईस्ट के सेमीकंडक्टर प्लांट से पहली मेड इन इंडिया चिप देश को मिलने वाली है। इस प्लांट नेए नॉर्थ ईस्ट में सेमीकंडक्टर सेक्टर के लिए अन्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के लिए संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि टाटा समूह की कंपनी टाटा सेमीकंडक्टर एसेम्बली एवं टेस्ट प्राण्लि ने असम में अपना पहला चिप एसेम्बली कारखाना लगाया है।

उन्होंने निवेशकों और उद्यमियों से कहा आपके सामने संयंत्रों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश का अवसर तो है ही विनिर्माण का भी सुनहरा मौका है। सोलर मॉड्यूल्स हों सेल्स हों स्टोरेज हो रिसर्च हो इसमें ज्यादा से ज्यादा निवेश ज़रूरी है।

उन्होंने कहा यह हमारा भविष्य है हम भविष्य के लिए आज जितना अधिक निवेश करेंगे उतना ही विदेशों पर निर्भरता कम होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर में संपर्क सुविधाओं के विस्तार के लिए लाखों करोड़ रुपए खर्च किए हैं। क्षेत्र में 11 हजार किलोमीटर के नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये गये हैं। सैकड़ों किलोमीटर की नयी रेल लाइनें बिछाई गयी हैंए नॉर्थ ईस्ट में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों पर वॉटरवेज़ बन रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में मोबाइल फोन टावर्स लगाये गये हैंए और इतना ही नहीं 1600 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड भी बनाया गया है।

उन्होंने कहा श्पूर्वोत्तर क्षेत्र में जमीन तैयार हो चुकी है हमारे उद्योगों को आगे बढ़कर इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। आपको पहले पहुंचने के लाभ से चूकना नहीं है।

अपने संबोधन के शुरू में श्री मोदी ने कहा राइज़िंग नॉर्थ ईस्टए सिर्फ़ इन्वेस्टर्स समिट नहीं हैए यह एक आंदोलन है। यह एक कदम उठाने का आह्वान है भारत का भविष्य पूर्वोत्तर के उज्ज्वल भविष्य से ही नयी उंचाई पर पहुंचेगा।

उन्होंने सम्मेलन में उद्यमियों और विदेशी प्रतिनिधियों की उपस्थिति की ओर संकेत करते हुए कहा इतनी बड़ी संख्या में बड़े उद्योगपति आए हैं। यह दिखाता है कि नॉर्थ ईस्ट पूर्वोत्तर क्षेत्रद्ध को लेकर सभी में उत्साह है उमंग है और नये-नये सपने हैं।

उन्होंने सभी मंत्रालयों और क्षेत्र के सभी राज्यों की सरकारों को इस काम के लिए बधाई देते हुए कहा कि सबके प्रयासों से श्वहां निवेश के लिए एक शानदार माहौल बना है।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सुकांता मजूमदार मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडूए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा मंच पर उपस्थित थे।

## विकसित...

जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स, पूर्वोत्तर गैस ग्रिड, 4जी/5जी नेटवर्क और 13 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का काम पूर्वोत्तर में हुआ है। इन परियोजनाओं ने उद्योगों के लिए फर्स्ट मूवर एडवांटेज की स्थिति बना दी है।

प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को भारत-आसियान व्यापार का सेतु बताया और कहा कि भारत-आसियान व्यापार जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार करेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला में लॉजिस्टिक हब और मिजोरम व मेघालय में लैंड कस्टम स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया आयाम देंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते दशक में 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। गांवों में होमस्टे, नए टूर गाइड और सांस्कृतिक आयोजन बढ़े हैं। साथ ही हील इन इंडिया अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर को वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 21 हजार करोड़ के निवेश से 800 स्कूल, 9 मेडिकल कॉलेज, 2 आईआईटी और देश का पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पूर्वोत्तर में बन रही है। साथ ही, युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल इनोवेशन और स्किल सेंटर खुल रहे हैं। पूर्वोत्तर में हाइड्रो और सोलर पावर में तेज होते निवेश के साथ ही प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही क्षेत्र का पहला मेड इन इंडिया चिप तैयार होगा, जिससे भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार उपस्थित थे।

## आतंकवाद...

गैरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की नृशंस हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और बहुपक्षीय एजेंसियों से विकास के लिए मिले धन को हथियार और गोला-बारूद खरीदने और आतंकवादी ढांचे को मदद करने के लिए उपयोग कर रहा है।

एफएटीएफ आतंकवाद के वित्त पोषण और मनी लांडरिंग जैसे वित्तीय अपराधों की रोक के लिए एक बहुपक्षीय तंत्र है।यह संदिग्ध देशों पर निगरानी रखता है और उन्हें बैंकिंग और वित्तीय तंत्र में सुधार करने को कहता है। पाकिस्तान को जून 2018 में ग्रे सूची में डाल दिया गया था और अक्टूबर 2022 में इसे हटाए जाने तक एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी का सामना करना पड़ा था। एफएटीएफ की सूची में शामिल देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई और पूंजी प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

## चुनाव ...

जूट बैग में जमा कर सकते हैं। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि चुनाव अधिकारी के पास यह अधिकार होगा कि वे किसी मतदान केंद्र पर स्थानीय परिस्थितियों के कारण इस सुविधा को नहीं दे। आयोग ने इसके अलावा प्रचार के लिए भी नए नियम बनाए हैं। अब मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद कहीं भी उम्मीदवार मतदाताओं के सहयोग के लिए अपने बूथ लगा सकेंगे। यह बूथ मतदान के दिन उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को अनौपचारिक पहचान पर्चियां जारी करने के लिए स्थापित किए जाते हैं। पहले यह सीमा 200 मीटर होती थी।

## छत्तीसगढ़....

उपाध्यक्ष श्रीमती देवे कुहड़ाम, पोटेनार आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य विज्जो राम उर्फ विजू मड़काम, पोटेनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य लक्ष्मण उर्फ गट्टी लेकाम, बेचापाल आरपीसी मूलवासी बचाओ मंच की सदस्य श्रीमती गागरी बारसे एवं बेचापाल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य अनिल उर्फ भीमा पोड़ियाम शामिल हैं। सभी आत्मसमर्पित नक्सली बीजापुर जिले के निवासी हैं। आत्मसमर्पित सभी नक्सली अपने-अपने क्षेत्र में नक्सली बंद सप्ताह के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना, नक्सली बैनर, पोस्टर एवं पाम्प्लेट लगाने जैसी घटनाओं में शामिल रहे। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत प्रदेश शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

इंडिगो...

वापस लौटने का प्रयास किया, लेकिन जब वे तूफानी बादलों के करीब थे, तो उन्होंने खराब मौसम में ही आगे बढ़ने का फैसला किया। इसके बाद पायलट ने श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई यातायात नियंत्रण को ह्लआपातकालङ्क की सूचना दी, जिसके बाद विमान सुरक्षित एयरपोर्ट पर लैंड कर गया।

## राहुल गांधी....

इस पोस्ट को पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने रीपोस्ट कर टिप्पणी की। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन 'सिंदूर' एक ऐतिहासिक सफलता रही, जिसे देश के 140 करोड़ नागरिकों का समर्थन प्राप्त है और जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने पाकिस्तान की नेता मरियम नवाज के बयान का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने 6 से 9 मई के बीच पाकिस्तान को हुए भारी नुकसान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि जहां पाकिस्तान खुद इस बात को मान रहा है, वहीं राहुल गांधी उसी समय भारत की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी भारत के विपक्ष के नेता हैं या 'निशान-ए-पाकिस्तान' के प्राप्तकर्ता?

## सेना...

सेना आज विश्व के सामने अद्वितीय वीरता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर।

गृहमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पूरी तरह बेनकाब हो गया है। आतंकी ठिकानों पर हमले पर पाकिस्तान की सेना ने जवाबी कार्रवाई की। आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी शामिल हुए। इनसे स्पष्ट हो गया कि भारत में होने वाले आतंकी हमले पाकिस्तान प्रायोजित हैं। भारतीय सेना ने न केवल आतंकियों के नौ ठिकाने नष्ट किए बल्कि उनके दो मुख्यालय भी ध्वस्त किए।

गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कार्यक्रम में कहा, ह्लभारत अब जवाब देता है। हम केवल आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं, पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को नहीं छूते। यह भारत की परिपक्व नीति और स्पष्ट इरादे का प्रमाण है।ङ्क गृहमंत्री ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बीएसएफ की भूमिका को याद करते हुए कहा कि बांग्लादेश को कभी नहीं भूलना चाहिए कि उनके स्वतंत्रता संघर्ष में बीएसएफ के जवानों ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उस युद्ध को भारत पर थोपा गया था लेकिन बीएसएफ ने अपनी वीरता से न केवल देश की सीमाएं सुरक्षित कीं, बल्कि एक नए राष्ट्र के गठन में भी अहम भूमिका निभाई।

अमित शाह ने बीएसएफ के गठन का उल्लेख करते हुए बताया कि 1965 के युद्ध के बाद जब सीमाओं की पहचान की गई, तो शांतिकाल में भी 100 प्रतिशत सुरक्षा देने वाली एक फोर्स की आवश्यकता महसूस हुई। इसी से बीएसएफ का जन्म हुआ। इसके पहले महानिदेशक के रूप में के.एफ. रुस्तमजी नियुक्त हुए। वे भारत में पहले सीमाओं के संरक्षक बने। बीएसएफ को बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसी सबसे कठिन सीमाओं की जिम्मेदारी दी गई और उसने उसे बखूबी निभाया।

## भारत ...

वायु क्षेत्र के उपयोग पर प्रतिबंध 23 जून तक बढ़ा दिया है।

वर्तमान में दोनों देशों के बीच वायु मार्ग बंद हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत ने अपनी उड़ानों की योजना में बदलाव किया है। अतिरिक्त दूरी और उड़ान समय को उनकी समय-सारिणी में पहले से जोड़ा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि आज ही इंडिगो का विमान एक 'हेलस्टॉर्म' में फंस गया। विमान ने लाहौर एटीसी से पाकिस्तान के वायु क्षेत्र में थोड़े समय के लिए प्रवेश की अनुमति मांगी। लाहौर एटीसी ने नोटम का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। इसके बाद भारतीय अधिकारियों ने विमान को सुरक्षित रूप से श्रीनगर की ओर मोड़ दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को लेकर कई कड़े फैसले लिए थे। इसमें सिंधु जल समझौते को स्थगित करना भी शामिल था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कुछ फैसले लिए थे जिसमें उसकी ओर से वायुक्षेत्र प्रतिबंधित किया जाना शामिल था। भारत ने भी इसके बाद पाकिस्तान के लिए वायुक्षेत्र प्रतिबंधित किया था।

## आतंकवाद...

ोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। उसके अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। योगी ने कहा कि देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमानजी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दासजी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दासजी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया। उन्होंने अयोध्या के बुनियादी ढांचे में आए बदलावों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अब फोरलेन सड़कों से जुड़ चुकी है और शहर के अंदर के मार्ग भी चौड़े हो गए हैं। पहले जहां एक ट्रेन के लिए लोग तरसते थे, आज अयोध्या देश के हर कोने से रेलवे के माध्यम से जुड़ गया है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण ने अयोध्या को वैश्विक मानचित्र पर ला दिया है। त्रेतायुग में भगवान राम पुष्पक विमान से आए थे। उसके बाद अब जाकर यहां बड़े-बड़े विमान उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरयू के घाट और अयोध्या के कुंड अब स्वच्छ और सुंदर हैं। बिजली की समस्या इतिहास बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने दीपोत्सव के आयोजन को अयोध्या के वैभव को पुनर्जनन देने वाला कदम बताया। कहा कि 2017 में जब दीपोत्सव शुरू हुआ तो हमारा विश्वास था कि अयोध्या ने ही दुनिया को दीपावली दी है। आज यह आयोजन वैश्विक स्तर पर अयोध्या की पहचान बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर अयोध्या के बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने हुए कहा कि सेना के अतिरित प्रदेश सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले हमारे वीरों के परिवारों को 50 लाख रुपये, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और शहीद के नाम पर स्मारक बनाकर सम्मान देने का काम रही है। इस अवसर पर प्रेमदासजी महाराज, महंत संतराम दासजी महाराज, महंत मुरलीदासजी महाराज, महंत रामचरण दासजी महाराज, सरपंच रामकुमार दासजी महाराज समेत अन्य संत और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दुनिया ...

पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, स्पेन, रूस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और चीन में यूपी के उत्पादों की डिमांड है। इन देशों में इलेक्ट्रिक उपकरण, परिधान, औषधीय उत्पाद, कालीन, चमड़ा और फर्टिलाइज़र आदि का निर्यात तेजी से बढ़ा है। वहीं प्रदेश के प्रमुख निर्यात उत्पादों में सबसे ज्यादा बढ़त इलेक्ट्रिकल मशीनरी और उससे जुड़े उपकरणों की रही। वर्ष 2017-18 में इनका निर्यात 4,056.38 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में 38,756.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

इन उत्पादों के निर्यात में हुई बढ़ोतरी

ऑटोमोबाइल निर्यात 14,737.85 करोड़ से बढ़कर 18,505.29 करोड़ हो गया।

फार्मा उत्पाद का निर्यात 9,114.30 करोड़ से बढ़कर 14,053.62 करोड़।

न्यूक्लियर मशीनें और बॉयलर का निर्यात 3,275.80 करोड़ से बढ़कर 7,297.03 करोड़।

प्लास्टिक उत्पाद का निर्यात 4,890.80 करोड़ से बढ़कर 6,727.13 करोड़।

लोहे और स्टील का निर्यात 3,855.69 करोड़ से बढ़कर 5,667.70 करोड़।

कालीन का निर्यात 4,048.12 करोड़ से बढ़कर 5,516.06 करोड़।

चमड़ा व उत्पाद का निर्यात 3,271.58 करोड़ से बढ़कर 4,695.24 करोड़।

वस्त्र (गारमेंट्स) का निर्यात 1,417.32 करोड़ से बढ़कर 4,352.33 करोड़।

नई निर्यात नीति तैयार कर रही योगी सरकार

योगी सरकार प्रदेश के निर्यात को और बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है, जिसमें निर्यातकों के उत्पादों के प्रमाणीकरण लागत पर 25 लाख रुपये तक की सब्सिडी देने, निर्यात हब के रूप में ज़िलों का विकास, एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का विस्तार, लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और निर्यातकों के लिए स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का विस्तार आदि शामिल है।

सेना प्रमुख...

अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

शौर्य चक्र1. मेजर (अब लेफ्टिनेंट कर्नल) विजय वर्मा, राजपूत रेजिमेंट, 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स

2. सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, 5वीं बटालियन, जम्मू और कश्मीर राइफल्स?3. कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन (आर एंड ओ)?4. नायब सूबेदार (अब सूबेदार) पी. पबिन सिंह, आर्टिलरी रेजिमेंट, 56 राष्ट्रीय राइफल्स

5. मेजर साहिल रंधावा, आर्टिलरी रेजिमेंट, 34 राष्ट्रीय राइफल्स

6. मेजर (अब लेफ्टिनेंट कर्नल) सीवीएस निखिल, 21वीं बटालियन, पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

7. मेजर त्रिपतप्रीत सिंह, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, 34 राष्ट्रीय राइफल्स

8. सूबेदार मोहन राम, 20 जाट रेजिमेंट 9?. मेजर कुणाल, आर्मी सर्विस कोर, 1 राष्ट्रीय राइफल्स

10. मेजर आशीष दहिया, इंजीनियर्स कोर, 50 राष्ट्रीय राइफल्स

11. हवलदार प्रकाश तमांग, 9वीं गोरखा राइफल्स, 32 राष्ट्रीय राइफल्स

12. मेजर सतेंद्र धनखड़, आर्मर्ड कोर, 4 राष्ट्रीय राइफल्स13. ?सहायक कमांडेंट एशेंथुंग किकॉन, 4 असम राइफल्स

14. सूबेदार विकास तोमर, 1 पैरा (विशेष बल)

शौर्य चक्र (मरणोपरांत)1. मेजर आशीष धोंचक, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फेंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स2. सिपाही प्रदीप सिंह, सिख लाइट इन्फेंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स

3. हवलदार रोहित कुमार, डोगरा रेजिमेंट, हाई एल्टीट्यूड वारफ़ेयर स्कूल4. कैप्टन दीपक सिंह, सिग्नल कोर, 48 राष्ट्रीय राइफल्स?

कीर्ति चक्र1. मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू, मराठा लाइट इन्फैंट्री, 56 राष्ट्रीय राइफल्स2. मेजर मंजीत, पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स

कीर्ति चक्र (मरणोपरांत)

1. राइफलमैन रवि कुमार, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फेंट्री, 63 राष्ट्रीय राइफल्स2.कर्नल मनप्रीत सिंह, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फेंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स?3. नायक दिलवर खान, तोपखाना रेजिमेंट, 28 राष्ट्रीय राइफल्स? ? सेना ने बयान में कहा कि कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सेना के कर्मियों के परिजनों को बलिदान का बैज और सम्मान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। सीओएएस ने शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की, उन्हें निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया और उनके परिजनों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया। भारतीय सेना सम्मान, कर्तव्य और बलिदान के प्रति अपनी स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए सुनिश्चित करती है कि हर शहीद नायक को गरिमा और सम्मान के साथ याद किया जाए।

# पिथौरागढ़ में भारतीय सेना ने किया सामुदायिक रेडियो 'पंचशूल पल्स' का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक संचार, सांस्कृतिक संरक्षण और समुदाय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय सेना ने पिथौरागढ़ में पहले सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'पंचशूल पल्स' की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्या सेनगुप्ता ने किया। अग्रिम क्षेत्र में स्थित यह रेडियो स्टेशन भारतीय सेना की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सशक्त बनाना, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना, जनहित से जुड़ी जानकारी साझा करना, पर्यटकों को मौसम और मार्ग की स्थिति की जानकारी देना है। यह स्टेशन सेना, सिविल प्रशासन और एलएसी



(वास्तविक नियंत्रण रेखा) के निकटवर्ती गांवों के नागरिकों के बीच एक प्रभावशाली संचार सेतु के रूप में कार्य करेगा। 'पंचशूल पल्स' की टैगलाइन हिल से दिल तक है, जो इस रेडियो स्टेशन की स्थानीय समुदाय से निकटता और भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाती है। यह सामुदायिक रेडियो स्टेशन क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में स्थानीय समस्याओं और सरकारी योजनाओं पर केंद्रित चर्चाएं, ग्रामीणों, युवाओं, पूर्व सैनिकों और महिला नेतृत्वकर्ताओं के साथ साक्षात्कार, कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत, लोक संगीत, त्योहारों और परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जागरूकता के साथ ही पर्यटकों और नागरिकों को मौसम एवं सड़कों की जानकारी देगा। इस रेडियो स्टेशन का नाम 'पंचशूल पल्स', पंचशूल पर्वत शृंखला से प्रेरित है, जो इस सीमावर्ती क्षेत्र की दृढ़ता और सांस्कृतिक जड़ों का प्रतीक है। यह पहल भारत सरकार के 'वाइब्रेंट विलेजेज़ प्रोग्राम' के उद्देश्यों से भी मेल खाती है, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और जागरूकता को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर, लेफ्टिनेंट जनरल सेनगुप्ता ने परियोजना के लिए सेना और प्रशासन की सराहना की और स्थानीय नागरिकों से 'पंचशूल पल्स' को सहयोग देने और इसे अपनी आवाज़ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस प्रयास को न केवल एक संवाद मंच, बल्कि एक संवेदनशील, समावेशी और सांस्कृतिक रूप से जीवंत पहल के रूप में भी रेखांकित किया।

# होशियारपुर में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क ध्वस्त, छह गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, होशियारपुर पुलिस ने जस्सा मोहनवालिया और सौरव जिंदल उर्फ सोबी गिरोह द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। इस गिरोह के गुर्गे अमेरिका और कनाडा में बैठे थे। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मलिक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक (जांच) मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने कई ऑपरेशन किए, जिसमें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के ड्रग कनेक्शनों का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि 28 मार्च, 2025 को अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के कर्मचारियों ने हरि नगर के अर्जुन शर्मा को 270 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में मॉडल टाउन थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान अर्जुन ने खुलासा किया कि वह कीर्ति नगर के सौरव जिंदल उर्फ सोबी के निर्देशों पर काम कर रहा था, जो वर्तमान में अमेरिका में रह रहा है। सोबी के आदेश पर पुरहिरन के आकाशदीप द्वारा हेरोइन की आपूर्ति की जाती थी। उन्होंने कहा कि उसी दिन सौरव जिंदल उर्फ सोबी और आकाशदीप दोनों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत मामला दर्ज किया गया और आकाशदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री मलिक ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि सोबी के करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी के कारण अर्जुन ने बहादुरपुर के आशुतोष शर्मा से संपर्क करना शुरू कर दिया था, जो वर्तमान में कनाडा में रहता है। ड्रग की बिक्री से एकत्र किए गए भुगतान को सोबी के निर्देशों के अनुसार स्थानीय निवासियों रविंदर अदिया और भवानी सिंह को दिया जाता था। उन्होंने कहा कि आशुतोष शर्मा को 30 मार्च, 2025 को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आकाशदीप ने खुलासा किया कि हेरोइन एसबीएस नगर जिले के खटकर खुर्द के गुरिंदर सिंह द्वारा आपूर्ति की जा रही थी, जो गढ़शंकर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव मोहनवाल के जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा की ओर से काम कर रहा था। गुरिंदर को 14 अप्रैल, 2025 को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में 7 मई, 2025 को किला बरून के साहिलप्रीत सिंह को 149 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने सौरव जिंदल उर्फ सोबी के माध्यम से ड्रग्स प्राप्त करने की बात भी स्वीकार की। 14 मई, 2025 को जालंधर के हेमंत को .315 बोर की पिस्तौल और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने अपने साथी नीरज कुमार उर्फ रांझा, जो एक स्थानीय निवासी है, के साथ सोबी के निर्देशों पर ड्रग और हथियारों की तस्करी में शामिल होने की बात कबूल की। उन्होंने एसबीएस नगर जिले के गांव उरापर के जोतिप्रीत कलेर को भी भुगतान किया।

# डीएम ने की समीक्षा बैठक, 27 से 29 मई तक लगेगा आयुष्मान कार्ड कैंप




कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के समीक्षा भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले भर में तीन दिवसीय विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जिसमें लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने बताया कि इस कार्ड के जरिए देशभर के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज संभव है। इस बैठक में कहलगांव के एसडीएम धनंजय कुमार सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भागलपुर जिले के वैसे लोग, जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। वे लोग 27 से 29 मई के बीच इन कैंपों में पहुंचे और अपना आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाएं।

# चार साल की मासूम के हत्यारा को पुलिस ने लक्सर से किया गिरफ्तार

**आरोपित ने अवैध संबंध बनाते रंगेहाथ पकड़े जाने पर हुई मारपीट का लिया बदला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। रोड़ी बेलवाला में चार वर्षीय बच्ची की हत्या के आरोप में पुलिस ने सूरज उर्फ सूरजभान नामक आरोपित को लक्सर स्थित खंडहर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने अवैध संबंधों के खुलासे पर हुए अपमान का बदला मासूम की हत्या कर के लिया। पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। उल्लेखनीय है कि 15 मई की सांय रोड़ीबेलवाला क्षेत्रान्तर्गत झुग्गी झोपड़ी में रह रहे अशोक सिंह ने चौकी रोड़ी बेलवाला पर अपनी 04 वर्षीय बेटी को सूरज नामक एक व्यक्ति लेकर कहीं ले जाने के संबंध में तहरीर दी थी। आरोपित पीड़ित परिवार के साथ रहता था तथा कबाड़ बीनने का कार्य करता था। अगले दिन बच्ची की लाश मंश देवी रेलवे ट्रैक पर मिली थी। बच्ची का शव मिलने की जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया था। एसएसपी ने नगर कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रकरण में वांछित चल रहे सूरज नाम के व्यक्ति की तलाश पुलिस के लिए टेढ़ी खीर होने के कई कारण थे। पहली बात ये कि आरोपित के घर के बारे में किसी को कोई भी स्पष्ट जानकारी नही थी, दूसरी ये कि आरोपित मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था, तीसरी बात ये कि आरोपित का किसी परिवार या व्यक्ति से करीबी ताल्लुकात नहीं थे और वह घुमक्कड़ स्वाभाव के अनुसार आरोपित कई किलोमीटर तक पैदल ही निकल जाता था। पुलिस टीमों ने आरोपित की तलाश में आस-पास स्थित झुग्गी झोपड़ियो सहित हर की पैड़ी, सर्वानन्द घाट, विष्णु समस्त घाट आदि लालजीवाला, मोतीचूर, रायवाला ऋषिकेश में रह रहे लोगों से पूछताछ से की। आरोपित के सहारनपुर भागने की संभावना के मद्देनजर टीम ने हरिद्वार से सहारनपुर तक के बीच में करीब 600-700 सीसीटीवी कैमरों की फूटेज चैक की। हरिद्वार पुलिस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल फ़ेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के जरीए आरोपित की तस्वीर साझा कर आमजन से भी सहयोग मांगा। दिन-रात चली इस मैराथन कसरत के दम पर हरिद्वार पुलिस ने आखिरकार आरोपित सूरज को बसेडी रोड लक्सर स्थित कबाड़ी बस्ती से शमशान घाट की ओर जाने वाली सड़क के पास बने खण्डर से दबोच लिया। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पकड़ में आए सूरज उर्फ सूरजभान से की गई पूछताछ में वारदात और वारदात की वजह साफ हुई। आरोपित ने बताया कि वह ग्राम नगलाढाव थाना सुन्नगढ़ी जिला कासगंज उ.प्र. का स्थायी निवासी है तथा वर्तमान में गड्डा पार्किंग झुग्गी झोंपड़ी रोडीबेलवाला में रह रहा था। वर्ष 2021 में हरिद्वार आने के बाद कुछ समय पहले ही उसकी कबाड़ बिनते हुए उसकी बमबम दास व उसकी पत्नी रेखा से पहले मुलाकात और फिर दोस्ती हो गयी। आरोपित अक्सर कबाड़ बेचकर हुई कमाई से राशन व पैसे देता था जिस वजह से उसकी मृतका की मां के साथ नजदीकियां बढ गयी।

# तलवार ग्रुप के तीन उभरते अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात तलवार गैंग के तीन उभरते सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों युवक 19-20 मई की रात महेन्द्रा पार्क इलाके में हुए एक जानलेवा हमले में वांछित थे। हमले में प्रतिद्वंद्वी कुर्शी ग्रुप के तीन सदस्यों को चाकू से गंभीर रूप से घायल किया गया था और मौके पर फायरिंग भी की गई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हिमांशु उर्फ पोसी, रोहन और कनिष्क उर्फ निक्कू उर्फ बूढ़ा शूटर के रूप में हुई है। सभी आरोपित जहांगीरपुरी इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपित वारदात के बाद हरिद्वार भाग गए हैं और जल्द ही दिल्ली लौट सकते हैं। इस सूचना पर इंस्पेक्टर अजय शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम ने गाजीपुर बॉर्डर पर जाल बिछाया और तीनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने महेन्द्रा पार्क की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की।

# गंगोत्री हाईवे पर पलटी तीर्थयात्रियों की बस, दस घायल

उत्तरकाशी। गंगोत्री जा रही तीर्थ यात्रियों की एक बस धरासू गंगोत्री हाईवे पर शुक्रवार सुबह सवा छह बजे अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में दस यात्री घायल हुए हैं, जिनमें आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ समेत रेस्क्यू टीमें मौके लिए रवाना हुई हैं। बताया गया है कि उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश के 41 श्रद्धालुओं को लेकर एक बस गंगोत्री धाम जा रही थी। गंगोत्री हाईवे पर नालूपानी के पास श्रद्धालुओं की बस सड़क पर ही पलट गई। हादसे में कम से कम दस तीर्थयात्री घायल हुए हैं। घटना की सूचना पर अपर जिलाधिकारी पीएल शाह उत्तरकाशी स्थित चार धाम यात्रा स्टार्ट कंट्रोल रूम पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सभी घायल तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुंडा भेजा जा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# ई-रिक्शा चालक की हत्या का खुलासा, बैटरी के लिए ली गई जान

**दो आरोपित गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। रुड़की क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लूट के इरादे से की गई इस हत्या में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर मृतक का मोबाइल फोन व गायब की गई दोनों बैटरियां बरामद कर ली हैं। हत्या की वजह एक बैंक की किश्त चुकाने के लिए की गई वारदात बनी। जानकारी के मुताबिक रूड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुनहरा निवासी मिठवा पुत्र ईलम चंद अपने पुत्र बैटरी रिक्शा चालक मुन्ना उम्र 31 वर्ष के लापता होने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर खोज की गुहार लगायी थी। 18 मई को मुन्ना का शव सालियर-मंगलौर हाईवे के किनारे बरामद हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया। पुलिस ने मृतक के परिजनों व परिचितों से पूछताछ कर लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जांच में सामने आया कि मृतक के ई-रिक्शा से दो बैटरियां गायब थीं तथा उसका मोबाइल फोन घटनास्थल पर नहीं मिला, जिससे लूटपाट की मंशा से हत्या की आशंका मजबूत हुई। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति गुरुरामराय इंटर कॉलेज के पास ई-रिक्शा चालकों की बैटरियां बेचने बातचीत चल रही थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने मुन्ना की हत्या की बात कबूली। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने स्वीकार किया कि आशीष द्वारा जनलक्ष्मी फाइनेंस से लिए गए लोन की 7500 की किश्त चुकाने के लिए उन्होंने मृतक मुन्ना को ई-रिक्शा बुकिंग के बहाने 500 में बुलाया और सलियर से मंगलोर हाईवे पर सुनसान जगह ले जाकर शराब पिलाई। इस दौरान राहुल ने चुपचाप रिक्शा के पास जाकर बैट्री निकालने लगा, जिसे मुन्ना ने देख लिया। मुन्ना ने राहुल का विरोध करते हुए हाथापाई की राहुल का साथ देते हुए आशीष ने अपनी बेल्ट से गला घोंट दिया और दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। शव को उन्होंने निर्माणाधीन दीवार के पीछे तिरपाल से ढक कर छिपा दिया। घटनास्थल पर आशीष बाइक से आया था और उसी की बाइक पर बैट्री रखकर घर लाया। दोनों ने घर में बैट्री छुपा दी थी जिसे वे आज बेचने आए थे। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते आशीष कुमार उर्फ सरदार निवासी सलेमपुर राजपूताना, रुड़की व विक्रांत उर्फ राहुल उर्फ रोल्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी सलेमपुर राजपूताना, रुड़की बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से मृतक का मोबाइल व दोनों बैटरियां बरामद कर ली हैं।

# बिहार में मिथिला की बेटी अर्चना को न्यूयॉर्क में मिला सर्वोच्च सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मधुबनी। बिहार में मधुबनी जिल के मधेपुर प्रखंड निवासी मिथिला की बेटी अर्चना सिंह ने पुनः एक इतिहास रच डाला है। अर्चना सिंह को शुक्रवार को 'द वन शो 2025' में 'बेस्ट ऑफ़ शो' का सर्वोच्च सम्मान न्यूयॉर्क में मिला । मिथिला और देश के लिए यह गर्व का पल है। मधेपुर ड्योढी निवासी डॉ टीपी सिंह व शीला सिंह की बेटी, अर्चना विश्व प्रसिद्ध विज्ञापन पुरस्कार 'द वन शो' 'बेस्ट ऑफ़ शो' जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। वर्ष 1975 में स्थापित दी वन शो को वैश्विक रचनात्मक उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है। प्रत्येक साल दुनिया भर से हज़ारों प्रविष्टियों में से केवल एक को यह शीर्ष सम्मान दिया जाता है। ऐसे काम को, जो न सिर्फ़ रचनात्मक रूप से उत्कृष्ट हो, बल्कि समाज में वास्तविक बदलाव लाने की ताक़त भी रखता हो। अर्चना सिंह का विजयी अभियान यूएन महिला के लिए तैयार किया गया था। यह एक साधारण सी लगने वाली शादी का निमंत्रण पत्र जैसा दिखा। परन्तु यह सम्मान एक गंभीर सच्चाई उजागर करता है। बाल विवाह पर आधारित यह काम उनके लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खास था। प्रेरणा मिली उनकी अपनी दादी स्व. झाड़ीलता बहुआसिन, धर्मपत्नी स्व राम नंदन सिंह, की कहानी से, जिन्हें बचपन में विवाह के बंधन में बांध दिया गया था। अर्चना ने यह सम्मान अपनी दादी को समर्पित करते हुए कहा यह मेरे वंश की और उन तमाम स्त्रियों की आवाज़ है, जिनकी कहानियां कभी सुनाई ही नहीं गईं।

# रिलायंस समूह पूर्वोत्तर राज्यों में 75 हजार करोड़ का करेगा निवेश : मुकेश अंबानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि उनका समूह पूर्वोत्तर राज्यों में 350 बायोगैस संयंत्र की स्थापना, अपनी दूरसंचार सेवाओं, खुदरा कारोबार एवं स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार पर 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा।




मुकेश अंबानी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि रिलायंस जियो पूर्वोत्तर राज्यों के सभी स्कूलों, अस्पतालों, उद्यमों और घरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि जियो ने पहले ही क्षेत्र की 90 फीसदी आबादी को कवर कर लिया है, जिसमें 5 मिलियन से अधिक 5-जी ग्राहक हैं, जबकि इस साल इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य है। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो की प्राथमिकता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्रांतिकारी शक्ति को सभी स्कूलों, अस्पतालों, उद्यमों और घरों तक पहुंचानी होगी। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों में रिलायंस के निवेश को दोगुना करने का भी वादा किया, जिसका लक्ष्य 75 हजार करोड़ रुपये है। रिलायंस ने पिछले 40 वर्षों में इस क्षेत्र में पहले ही करीब 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट के दौरान मुकेश अंबानी ने क्षेत्र के विकास में तेजी लाने के लिए छह सूत्री प्रतिबद्धताएं रखीं, जिसमें निवेश, कनेक्टिविटी, कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और खेल शामिल हैं। उन्?होंने इसके हिस्से के रूप में पूर्वोत्तर में रिलायंस फाउंडेशन के प्रमुख पहलों की घोषणा की, जिसमें मणिपुर में एक नए 150-बेड वाले अस्पताल, मिजोरम विश्वविद्यालय के साथ जीनोमिक अनुसंधान साझेदारी और गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब के जरिए इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल लाना शामिल है। मुकेश अंबानी ने खेल चैंपियनों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए क्षेत्र के सभी आठ राज्यों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना भी साझा की। रिलायंस प्रमुख ने क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन को व्यापक रूप से बढ़ाने की योजना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, इसके अनुरूप हम 350 एकीकृत संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित करके इस क्षेत्र की विशाल बंजर भूमि को संपदा-भूमि में बदल देंगे। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर कई खेलों में विश्व स्तरीय प्रतिभाओं का खजाना है।

# बनभूलपुरा में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुक्रवार सुबह हल्द्वानी में एक बड़े स्तर पर किराएदार सत्यापन अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी सिटी प्रकाश चंद के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के सामने जवाहर नगर क्षेत्र में किया गया। पुलिस टीम ने क्षेत्र के सभी किराएदारों को रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्र कर उनका सत्यापन किया। जिन लोगों ने पहले से सत्यापन करा रखा था, उन्हें अलग किया गया जबकि जिनका अब तक सत्यापन नहीं हुआ था, उन्हें विशेष रूप से चिन्हित कर बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई।

एसपी सिटी प्रकाश चंद ने बताया कि एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशानुसार यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान में एसपी सिटी के साथ सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित पांडे, कोतवाल राजेश यादव, थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, थाना अध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी, थाना अध्यक्ष काठगोदाम पंकज जोशी तथा एसएसबी की टीम शामिल रही।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063